RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 158 • 29:09:2024 • रविवार • मूल्य : 5/-

## मध्य प्रदेश-राजस्थान की तरह हरियाणा में कांग्रेस का गुब्बारा फूटेगा: प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह हरियाणा में भी कांग्रेस के सरकार बनाने का गुब्बारा फूटेगा। हिमाचल प्रदेश में भी इन्होंने झूठ बोलकर सरकार बनाई थी। हरियाणा के हिसार में शनिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान की तारीख नजदीक आ रही है और कांग्रेस पस्त पड़ती जा रही है। कांग्रेस के नेता अब कहने लगे हैं कि हरियाणा में भी वही हाल होगा, जो मध्य प्रदेश में हुआ था। मध्य प्रदेश और राजस्थान में पिछले चुनाव में इन्होंने झूठ का गुब्बारा खूब फुलाया लेकिन जनता ने वोट की चोट देकर उस गुब्बारे की हवा निकाल दी। अब हरियाणा में भी यही होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा की माताओं-बहनों ने यहां एक नारा- म्हारा हरियाणा, नॉनस्टॉप हरियाणा दिया है। हरियाणा का विकास ऐसे ही नॉन स्टॉप चलते रहना चाहिए। इसलिए हरियाणा तीसरी बार भाजपा को मौका देने का मन पक्का कर चुका है। उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस होती है, वहां कभी स्थिरता नहीं आ सकती। जो पार्टी अपने नेताओं के बीच ही एकता नहीं ला सकती, वो राज्य में स्थिरता कैसे लाएगी? यहां कांग्रेस में मुख्यमंत्री बनने के लिए मारामारी मची है। बापू भी दावेदार है, बेटा भी दावेदार है। दोनों मिलकर, बाकियों को निपटाने में लगे हैं। कांग्रेस पर दलितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में दलितों और पिछड़ों के लिए दरवाजे एकदम बंद हैं। कांग्रेस के राज में गोहाना में दलितों पर अत्याचार हुआ, कांग्रेस चुप रही। कांग्रेस के राज में मिर्चपुर कांड हुआ, कांग्रेस चुप रही। कांग्रेस के राज में दलित बेटियों के साथ अत्याचार हुआ, अन्याय हुआ, कांग्रेस चुप रही। आज कांग्रेस का शाही परिवार कह रहा है कि दलितों और पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस ने दलितों पर जो अत्याचार किया है, उसे दलित समाज कभी भूल नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने किसानों को भी हमेशा वोटबैंक के रूप में ही देखा है। कांग्रेस ने हमेशा किसानों को पानी के लिए तरसाया है, जबकि भाजपा उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है। कांग्रेस यहां किसानों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करती है लेकिन आपको भूलना नहीं है कि हुड्डा की सरकार तो 2 रुपये के मुआवजे देने वाली सरकार थी। लेकिन ये भाजपा सरकार है, जो बिना मांगे देश के 10 करोड़ से ज्यादा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में 6,000 रुपये सीधे उनके बैंक खातों में भेजती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने एमएसपी पर भी जनता से सिर्फ झूठ बोला है। सच्चाई ये है कि यहां भाजपा की सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। जबकि कांग्रेस शासित राज्यों में इक्का-दुक्का फसलें ही एमएसपी पर खरीदी जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यहां के युवाओं पर भी दोहरा वार किया है। कांग्रेस के समय में बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरी नहीं मिलती थी, घूस देने के लिए गरीब को खेत तक बेच देने पड़ते थे। भाजपा ने बिना खर्ची-पर्ची नौकरियां दीं और यही बात कांग्रेस को अखर गई है। इसलिए कांग्रेस के भर्ती रोको गैंग ने युवाओं को नौकरियां देने पर ब्रेक लगवा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 28 सितंबर की रात को ही भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की थी। भारत ने आतंक के आकाओं को बता दिया था कि भारत अब घर में घुसकर मारता है। जबकि कांग्रेस ने हमारी सेना से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा कि इसी कांग्रेस ने हमारे सेनाध्यक्ष तक को गली का गुंडा कहा था। कांग्रेस ने हमारी सेना के बजाए दुश्मनों के झूठ पर विश्वास किया।

### प्रधानमंत्री ने लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महान गायिका लता मंगेशकर को उनकी जयंती पर याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया: "लता दीदी को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। अपने भावपूर्ण गीतों के कारण वे हमेशा लोगों के दिलोदिमाग में जीवित रहेंगी। लता दीदी और मेरे बीच एक विशेष रिश्ता था। मुझे उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत गायिका के साथ अपने संबंधों को याद करते हुए एक लेख भी साझा किया।

### प्रधानमंत्री ने शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर याद किया

नई दिल्ली, 28 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को शहीद भगत सिंह को उनकी 117वी जयंती पर याद करते हुए कहा कि वे साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति थे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक वीडियो क्लिप पोस्ट कर लिखा, "मातृभूमि के स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले अमर शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर शत-शत नमन। प्रधानमंत्री ने वीडियो क्लिप में कहा कि वह समस्त देशवासियों की ओर से साहस और वीरता की प्रतिमूर्ति शहीद भगत सिंह को नमन करते हैं।

## झारखंड-महाराष्ट्र में दिवाली के बाद हो सकते हैं चुनाव

### आयोग लेगा स्थिति का जायजा

एजेंसी। नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। झारखंड में विधानसभा चुनाव से पहले चुनावी तैयारियों का रिव्यू करने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार और शनिवार को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव कराने से पहले यहां की स्थिति का जायजा लेगा। इसके बाद आयोग तय करेगा कि इन दोनों राज्यों में चुनाव कब कराए जाएं। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों राज्यों के लिए दिवाली के बाद चुनावों का ऐलान हो सकता है। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा की काउंटिंग के बाद किसी भी वक्त आयोग चुनाव की घोषणा कर सकता है। आयोग के सूत्रों का कहना है कि वैसे तो अंतिम फैसला आयोग ही करेगा, लेकिन एक अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में तीसरे और आखिरी चरण की और हरियाणा में पांच अक्टूबर को होने वाले मतदान के बाद आयोग कभी भी इन दोनों राज्यों के लिए चुनावों की घोषणा कर सकता है। इसमें भी ज्यादा संभावना 8 अक्टूबर को परिणाम आने के बाद ऐलान करने की है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, इलेक्शन कमिश्नरों ज्ञानेश कुमार और डॉक्टर एस. एस. संधु महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव कराने की तमाम स्थितियों की समीक्षा करेंगे। यहां महाराष्ट्र के सीईओ, पुलिस चीफ और सरकार के अन्य तमाम आला अधिकारियों के अलावा सभी राजनीतिक दल और अन्य लोगों से विस्तार से बात करने के बाद ही राज्य में चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। महाराष्ट्र में इससे पहले 2019 का चुनाव हरियाणा के साथ कराया गया था। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है। इससे पहले आयोग को यहां चुनाव संपन्न कराना है। राजनीतिक दलों ने अक्टूबर-नवंबर में दिवाली, छठ, दुर्गा पूजा और राज्य स्थापना दिवस जैसे मामले उठाते हुए कहा था कि इन दिनों मतदान की तारीख ना रखी जाए। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल 5 नवंबर को खत्म होगा। ऐसे में अभी झारखंड में विधानसभा चुनाव कराने में आयोग को समय मिल रहा है। यहां नवंबर के अंतिम हफ्ते से दिसंबर के बीच में चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दलाई लामा के नाम पर क्यों तिलमिला जाता है चीन



**नई दिल्ली**। चीन ने फिर अरुणाचल प्रदेश पर अपने दावे को लेकर विवाद खड़ा कर दिया है। चीन ने भारतीय पर्वतारोहियों के एक दल द्वारा अरुणाचल प्रदेश में एक अनाम चोटी का नाम छठे दलाई लामा के नाम पर रखने पर आपत्ति जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मीडिया से कहा कि अरुणाचल प्रदेश को चीन के क्षेत्र में स्थापित करना अवैध और अमान्य है। अरुणाचल प्रदेश की यह चोटी, जिसे छठे दलाई लामा त्सांगयांग ग्यात्सो के नाम पर रखा गया है, उसका नामकरण भारतीय रक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय पर्वतारोहण और साहसिक खेल संस्थान की टीम ने किया। इस टीम ने मोन तवांग क्षेत्र के गोरीचेन मासिफ में 20,942 फीट ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। त्सांगयांग ग्यात्सो का जन्म 1682 में मोन तवांग क्षेत्र में हुआ था और उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रति अपना योगदान दिया। उनके नाम पर चोटी का नाम रखने का उद्देश्य उनके योगदान को मान्यता देना है, खासकर मोनपा समुदाय के प्रति उनकी सेवा के लिए। जियान ने कहा कि उन्हें चोटी का नाम रखने के बारे में जानकारी नहीं थी, लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि जंगनान क्षेत्र चीन का हिस्सा है। चीन लगातार अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत का हिस्सा मानता है और 2017 से वहां स्थानों का नाम बदलने का प्रयास कर रहा है।

### त्यौहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे चलाएगा 10 हजार विशेष ट्रेनें



**नई दिल्ली**। त्यौहारी सीजन में रेलवे यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखते हुए दीपावली और छठ पूजा में ट्रेनों में होने वाली भीड़ को देखते हुए 10 हजार से ज्यादा विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसके अलावा, 108 ट्रेनों में जनरल कोच भी बढ़ाए जाएंगे, जिससे करीब एक करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे ने इसके लिए विशेष तैयारियां कर ली हैं, जिसमें दीपावली और छठ पूजा के दौरान 12,500 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। 2024-2025 में 5,975 ट्रेनों को अधिसूचित किया गया है, जिससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक जाने में आसानी होगी। पिछले साल 2023-2024 में पूजा विशेष ट्रेनों की संख्या 4,429 थी। ट्रेन में भीड़ को ध्यान में रखते हुए आनंद विहार से बरौनी के बीच विशेष एसी ट्रेन 6 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन सुबह 9 बजे आनंद विहार से चलकर अगले दिन सुबह 6:30 बजे बरौनी पहुंचेगी। इस ट्रेन में 16 थर्ड एसी और 2 पावर कार समेत कुल 18 कोच होंगे, यह कई स्टेशनों पर भी रुकेगी। दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग यूपी और बिहार जाते हैं, छठ पूजा न केवल धार्मिक महत्व हैं, बल्कि परिवार से मिलने का भी एक अहम मौका होता है।

## सेना-आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, तीन जवान, एक पुलिसकर्मी घायल



**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम के आदिगाम देवसर में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। यहां दो आतंकवादियों के छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। कुलगाम जिले में शनिवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले के आदिगाम गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ समेत सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा तो आतंकियों ने खुद को घिरा देखा तो सुरक्षाबलों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। गोली लगने से सेना के तीन जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गया। सुरक्षाबलों ने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी भागने के रास्ते बंद कर दिए हैं। मुठभेड़ स्थल पर पहले ही अतिरिक्त बल पहुंच चुके हैं। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। आतंकवादियों ने पिछले तीन-चार महीनों के दौरान जम्मू डिवीजन के डोडा, कठुआ, राजौरी, पुंछ और रियासी जिलों में सेना, स्थानीय पुलिस और नागरिकों पर हमला कर उन्हें मार गिराया है। पहाड़ी इलाकों में सेना और अन्य लोगों पर घात लगाकर हमला करने के बाद आतंकवादी इन पहाड़ी जिलों के घने जंगलों और वन क्षेत्रों में भाग जाते हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने युवा कानूनी पेशेवरों से परिवर्तन का वाहक बनने का आग्रह किया



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि एक गरीब व्यक्ति को न्याय तक उतनी ही पहुंच नहीं मिलती जितनी एक अमीर व्यक्ति को मिलती है। इस अनुचित स्थिति को बदलना होगा। उन्होंने युवा कानूनी पेशेवरों से परिवर्तन का वाहक बनने का आग्रह किया। राष्ट्रपति शनिवार को हैदराबाद में नालसार विधि विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि संविधान में हमारे स्वतंत्रता संग्राम के आदर्श जैसे न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व समाहित हैं। प्रस्तावना और मौलिक अधिकारों में निहित समानता का आदर्श न्याय प्रदान करने से संबंधित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों में भी अभिव्यक्त होता है। निर्देशक सिद्धांतों में समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने का प्रयास किया गया है। यह राज्य को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार बनाता है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित न किया जाए। राष्ट्रपति ने छात्रों से कहा कि अधिवक्ताओं के रूप में उनका कर्तव्य होगा कि वे अपने मुवक्किलों के हितों का ख्याल रखने के अलावा न्याय देने में न्यायालय की सहायता करें। उन्होंने कहा कि कानूनी पेशेवर के रूप में वे जो भी भूमिका चुनें, उन्हें हमेशा ईमानदारी और साहस के मूल्यों पर टिके रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्ता के सामने सच बोलना उन्हें और अधिक शक्तिशाली बनाता है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि नालसर ने कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने दिव्यांगता, न्याय तक पहुंच, जेल और किशोर न्याय तथा कानूनी सहायता से संबंधित मुद्दों की देखभाल करने में नालसर के प्रयासों की सराहना की। उन्हें यह जानकर भी खुशी हुई कि नालसर ने एक पशु कानून केंद्र की स्थापना की है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को उम्मीद है कि पशु-पक्षी, पेड़ और जल-निकायों की रक्षा मानवता की भलाई के लिए आवश्यक है और नालसर का पशु कानून केंद्र उस दिशा में एक अच्छा कदम है। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ावा देने में समाज का हर वर्ग हितधारक है। उन्होंने एनएएलएसएआर से, इसके पूर्व छात्रों सहित सभी हितधारकों का समर्थन प्राप्त करने और महिला अधिवक्ताओं और कानून की छात्राओं का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क स्थापित करने में मदद करने का आग्रह किया।

## अमित शाह, भाजपा, कांग्रेस ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह को नमन किया

**नई दिल्ली**। कृतज्ञ राष्ट्र आज भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सबसे महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह का भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें नमन कर रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर उन्हें नमन किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स हैंडल में लिखा, ''क्रांतिवीर भगत सिंह जी ने न केवल ब्रिटिश हुकूमत को बुलंद आवाज से ललकारा, बल्कि देश की स्वतंत्रता व सुनहरे कल के लिए अपने प्राणों की आहुति भी दी। एक ओर उन्होंने अपने ओजस्वी विचारों से युवाओं को मां भारती की स्वाधीनता के लिए प्रेरित किया, तो दूसरी ओर टुकड़ों में बंटे स्वतंत्रता संग्राम को संगठित किया। उनके बलिदान की चिंगारी ऐसी महाज्वाला बनी, जिससे पूरे देश में आजादी की लहर और प्रचंड हो गई। शहीद-ए-आजम भगत सिंह जी को उनकी जयंती पर कोटिशः वंदन। भाजपा ने एक्स हैंडल पर लिखा, ''देशभक्ति, शौर्य और पराक्रम के अद्वितीय प्रतीक शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर शत्-शत् नमन।

## एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और उनकी बेटी की मौत



**इजरायल**। इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर लगातार एयर स्ट्राइक कर उनके आतंकियों को निशाना बनाते हुए बड़ा दावा किया है कि हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया है। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अब हसन नसरल्लाह दुनिया में आतंक नहीं फैला सकेगा। हसन नसरल्लाह पिछले 32 साल से हिजबुल्लाह के चीफ थे।

**एयर स्ट्राइक में मारा गया हिजबुल्लाह चीफ** : इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादाव शोशानी ने नसरल्लाह के मारे जाने की पुष्टि की है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना के प्रवक्ता डेविड अब्राहम ने बताया कि लेबनान की राजधानी बेरूत पर शुक्रवार (27 सितंबर 2024) को हुई एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह मारा गया।

**हेडक्वार्टर पर हमला** : टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर एक दिन पहले हमला किया था, जहां हसन नसरल्लाह भी मौजूद था। इजरायली सेना लगातार बेरूत समेत कई इलाकों में हमले कर रही है।

**बेटी जैनब की भी मौत**: इजरायली न्यूज चैनल के अनुसार, इस एयर स्ट्राइक में हसन नसरल्लाह के साथ उनकी बेटी जैनब की भी मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस कमांडर सेंटर पर इजरायल ने हमला किया था, वहां नसरल्लाह की बेटी का शव बरामद हुआ। इससे पहले शुक्रवार रात को इजरायल ने हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर मिसाइल दागा था, जिसमें 6 लोगों की मौत और 90 लोग घायल हुए थे।

## कांग्रेस का वादा हर माह महिलाओं को 2 हजार रुपये की मदद

- हरियाणा विधानसभा चुनाव : कांग्रेस ने जारी किया घोषणा-पत्र, कई लुभावने वादे
- 25 लाख तक मुफ्त इलाज, महिलाओं को हर माह दो हजार रुपए देने का वादा



**चंडीगढ़**। कांग्रेस ने आज यानी शनिवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा-पत्र कर दिया है। 40 पेजों के घोषणा-पत्र में कांग्रेस ने कई वादे किए गए हैं, जिनमें 25 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज और महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए की आर्थिक मदद देना शामिल है। इसके साथ ही, सतलुज-यमुना लिंक नहर से पानी लेने का भी वादा किया गया है। दिल्ली में पिछले हफ्ते कांग्रेस ने हरियाणा के लोगों के लिए सात वादे-पक्के इरादे की घोषणा की थी, जो कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में पेश की गई थी। पार्टी का दावा है कि घोषणा-पत्र में सभी वर्गों को ध्यान में रखा गया है और पिछले कार्यकाल में किए गए वादों को पूरा करने का प्रयास किया गया है। घोषणापत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सभी के लिए शिक्षा का स्तर सुधारना। युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना। 25 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज। महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता के रुप में हर महीने दो हजार रुपये की मदद। किसान आयोग का गठन जिसमें किसानों के मुद्दों पर ध्यान देने की बात कही गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी भी दी गई है। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने कहा कि हमें पूरा यकीन है कि राज्य में कांग्रेस सरकार बनाएगी।

## सभी ट्रेनों में हादसा रोकने लगेगा कवच

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय रेल दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। रेल मंत्रालय ने 'कवच' नामक ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) सिस्टम को तेजी से लागू करने की योजना बनाई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम में बताया कि अगले पांच से छह वर्षों में यह प्रणाली पूरे रेल नेटवर्क पर लागू कर दी जाएगी। वैष्णव ने जोर देकर कहा कि कवच प्रणाली, जो यूरोपीय ट्रेन नियंत्रण प्रणाली की तरह ही प्रभावी है, अधिक लागत-प्रभावी भी है। कवच को पहली बार 2016 में डिज़ाइन किया गया था और 2019 में इसे एसआईएल-4 (सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल) प्रमाणन प्राप्त हुआ था। इस वर्ष 16 जुलाई 2023 को इसे फिर से प्रमाणित किया गया। वर्ष 2021 में रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष ने कवच का एक विशेष परीक्षण किया, जिसमें दो ट्रेनों को विपरीत दिशा में चलाया गया था, जिससे यह साबित हुआ कि कवच दुर्घटना टालने में सक्षम है। आगामी महीनों में यह प्रणाली 9,600 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइनों और 10,000 से अधिक लोकोमोटिव में स्थापित की जाएगी। इस योजना के तहत संबंधित टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार, 3,000 किलोमीटर ट्रैक पर 'कवच' का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और इसे जल्द ही अन्य मार्गों पर लगाया जाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 80 प्रतिशत रेल दुर्घटनाएं ड्राइवर की गलती के कारण होती हैं। कवच प्रणाली का मुख्य उद्देश्य इन मानवीय त्रुटियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। इसके साथ ही, रेल मंत्रालय रेलवे ट्रैक की उचित देखरेख और अन्य बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए भी कई कदम उठा रहा है। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि ट्रैक पर पशुओं के आ जाने के कारण प्रतिदिन लगभग 800 घटनाएं होती हैं। इसे रोकने के लिए अहमदाबाद-मुंबई मार्ग पर ट्रैक के दोनों ओर बाड़ लगाई जा चुकी है, जिससे वहां पशु दुर्घटनाओं की घटनाएं शून्य हो गई हैं। यह व्यवस्था वंदे भारत जैसी तेज गति वाली ट्रेनों के अन्य मार्गों पर भी लागू की जाएगी।

## राहुल के बयान पर भाजपा का पलटवार, कांग्रेस को बताया हिन्दू विरोधी



**नई दिल्ली**। हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को नाच-गाना कहने पर भाजपा ने तीखा निशाना साधते हुए उन्हें और कांग्रेस को हिन्दू विरोधी बताया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस नेता की नफरत भरी टिप्पणी उन्हें न केवल 'हिंदू विरोधी' बल्कि 'एक नंबर का झूठा' भी बनाती है। पूनावाला ने सवाल किया, 'उन्होंने कहा कि वहां कोई गरीब व्यक्ति या मजदूर नहीं था। क्या वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा फूलों की वर्षा के साथ श्रमिकों के स्वागत को नहीं देख पाए? शनिवार को भाजपा प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि रामलाल प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर राहुल गांधी का बयान बेहद निंदनीय है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा का इस तरह अपमान करना कांग्रेस के चरित्र को दर्शाता है। राहुल गांधी ने श्रीरामजन्म भूमि समारोह का तीन बार अपमान किया। पहला अपमान यह कि कांग्रेस पार्टी को निमंत्रण दिया गया, उसके बाद भी वे नहीं आए।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का नॉर्थ-ईस्ट में विरोध

**शिलांग** । नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश के बाद अब मेघालय में भी शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज की 'गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा' का विरोध शुरू हो गया है। पूर्वी खासी हिल्स जिले के जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 163 बीएनएसएस के तहत निषेधाज्ञा जारी कर पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सूत्रों के अनुसार, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज को मेघालय में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य सरकार ने यह निर्णय यात्रा के विरोध को देखते हुए लिया है। शंकराचार्य को गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा के तहत शनिवार को मेघालय पहुंचना था, जो गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को शंकराचार्य के चार्टर्ड विमान को उतरने की अनुमति नहीं देने के लिए सूचित किया है। शंकराचार्य के शुक्रवार को पहुंचने की खबर मिलने के बाद, कई समूह के सदस्य शिलांग हवाई अड्डे पर विरोध प्रदर्शन के लिए पहुंच गए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### 26 वर्ष पुराने फर्जी एनकाउंटर के मामले में तत्कालीन थानाध्यक्ष समेत दो दोषी करार

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट स्थित सीबीआई की विशेष अदालत के न्यायाधीश अविनाश कुमार ने 26 वर्ष पुराने फर्जी एनकाउंटर के मामले में एक पूर्व थाना अध्यक्ष समेत दो पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया। अदालत ने पूर्णिया के बड़हरा थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष मुखलाल पासवान को भारतीय दंड विधान की धारा 302, 201, 193 और 182, जबकि बिहारीगंज थाने के दारोगा अरविंद कुमार झा को भारतीय दंड विधान की धारा 193 के तहत दोषी करार दिया। दोनों जमानत पर थे। दोनों का बंधपत्र रद्द करते हुए विशेष अदालत ने जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई 8 अक्टूबर को होगी। अदालत ने इसी मामले में आरोपी बनाए गए दारोगा कुमार संजय और सिपाही राम प्रकाश ठाकुर को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। मामला वर्ष 1998 का है। आरोप के अनुसार, एक अपराधी की तलाश में पुलिस ने पूर्णिया के बिहारीगंज थाना क्षेत्र स्थित फिद्दी की बस्ती गांव में जगदीश झा के घर की घेराबंदी की और संतोष कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। बाद में इस घटना को एनकाउंटर का रूप देने का प्रयास किया था। मामले की जांच पहले स्थानीय पुलिस द्वारा की गई। बाद में जांच सीआईडी को सौंपी गई थी। उसके बाद मामले का अनुसंधान सीबीआई ने किया था।

### मेडिकाना की मालकिन और गारंटर पर धोखाधड़ी का केस

**पटना।** पूर्वी कैनाल रोड के जय कमला प्लाजा में स्थित मेडिकाना नाम की दवा दुकान की मालकिन पूनम सिंह और बैंक में उनकी गारंटर प्रतिभा प्रसाद उर्फ प्रतिभा वर्मा के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा ने एसके पुरी थाने में केस दर्ज कराया है। उपमहाप्रबंधक नलिन कुमार ने दोनों पर धोखाधड़ी, जालसाजी और हेराफेरी का आरोप लगाया है। उपमहाप्रबंधक ने पुलिस को बताया कि मेडिकाना एक प्रोपराइटरशिप फर्म है। इसमें पूनम सिंह सिंह प्रोपराइटर और प्रतिभा गारंटर हैं। फर्म ने 150 लाख की कैश क्रेडिट लिमिट और 30 लाख की बैंक गारंटिड इमरजेंसी क्रेडिट लाइन (बीजीइसीएल) की सीमा ली। फर्म ने सभी प्रकार की दवाओं और सर्जिकल वस्तुओं के व्यापार, वितरण और आपूर्ति के लिए ऋण लिया था। इसके बदले दीघा और राजा बाजार स्थित जमीन को बंधक बनाया गया था। शुरू में खाता संतोषजनक चलता रहा। बाद में फर्म के मालिक ने कैश क्रेडिट खाते में आवश्यक टर्नओवर बनाए नहीं रखा। नतीजा, खाता एनपीए में चला गया। बैंक छानबीन में जुटा तो पता चला कि जिस जमीन को बंधक बनाया गया था, वह बेच दी गई है। वहीं एक अन्य मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा के पटना क्षेत्र के उप महाप्रबंधक नलिन कुमार ने मेसर्स तिरूपति के प्रोपराइटर जगदीश प्रसाद के साथ रवि पटेल और सोनी पटेल के खिलाफ भी एसके पुरी थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

### गंगा किनारे अज्ञात महिला का शव मिलाःडूबने से मौत की आशंका, शिनाख्त की कोशिश में जुटी पुलिस

**पटना।** पटना सिटी के रिकाबगंज गंगा घाट से एक अज्ञात महिला का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। मालसलामी थाने की दरोगा पूजा शाह ने बताया कि महिला के गले और कान में सोने के गहने मौजूद हैं। स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हो सकती है या पानी के तेज बहाव में शव बहकर घाट किनारे पहुंच गया। मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं, थाना प्रभारी ने बताया कि सुबह के समय घाट किनारे शव मिलने की सूचना मिली थी। सत्यापन के लिए मौके पर महिला पुलिस पदाधिकारी को भेजा गया। पहचान के लिए आसपास के थानों से कांटेक्ट किया है। महिला की उम्र 30 वर्ष के करीब है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर छह लोगों से 23.98 लाख ठगे

**पटना।** साइबर अपराधियों ने 20 लोगों से 44 लाख 64 हजार रुपए की ठगी कर ली। सबसे अधिक छह लोगों से ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा मिलने का झांसा देकर 23.98 लाख की ठगी की गई है। सभी मामले पटना साइबर थाना में दर्ज किए गए हैं। अशोक राजपथ के रहने वाले शैल रंजन को वाट्सएप पर एसबीआई सिक्योरिटी के नाम से एक लिंक मिला। उन्होंने लिंक खोला तो पता चला कि उस पर एसबीआई के नाम पर ट्रेडिंग करने की बात




है। ट्रेडिंग करने पर मुनाफा मिलने का झांसा देकर शातिरों ने उनसे 6.23 लाख की ठगी कर ली। निशांत राय फुलवारीशरीफ के खोजाइमली के रहने वाले हैं। टेलीग्राम आईडी पर उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफा मिलने की जानकारी मिली। वे झांसे में आ गए और दिए गए नंबर से बात की। इसके बाद शातिर ने मुनाफा मिलने का झांसा देकर उनसे 2.45 लाख की ठगी कर ली। रौशन कुमार बिक्रम के रहने वाले हैं। शातिरों ने उन्हें पेड टास्क करने पर मुनाफा मिलने का झांसा दिया और उनसे 2.35 लाख की ठगी कर ली। जक्कनपुर के रहने वाले प्रसेन कुमार को ट्रेडिंग करने पर मुनाफा का झांसा दिया और उनके खाते से 3.68 लाख की निकासी कर ली। महेंद्रू के डॉ. तबरेज अख्तर को आईपीओ में निवेश करने पर मुनाफे का झांसा दिया और 5.46 लाख की ठगी कर ली। सतीश कुमार चाणक्या राष्ट्रीय विधि विवि में रहते हैं। उन्हें निवेश करने पर मुनाफा का झांसा दिया गया। उन्होंने अपनी दादी के खाता से निवेश करना शुरु किया। शातिरों ने उनसे 3.81 लाख की ठगी कर ली। अमित कुमार गुप्ता कदमकुआं के रहने वाले हैं और बाकरगंज में ज्वेलरी दुकान चलाते हैं। एक व्यक्ति उनसे मिला और कहा कि वह ज्वेलरी दुकानदारों को सोना बेचता है। उसने उनका संपर्क नवीन अग्रवाल से कराया। इसके बाद सोना भी दिखाया। अमित झांसे में आ गए और उन्होंने सोना के लिए 4 लाख रुपए उसके खाते में डाल दिए।

# बीजेपी कार्यालय में सांसद और विधायकों की बैठक

## सदस्यता अभियान की समीक्षा, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिया फीडबैक

एजेंसी, पटना।

बिहार के एक दिवसीय दौरे पर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को पटना पहुंचे। एयरपोर्ट पर बीजेपी नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट से नड्डा सीधे सप्तमूर्ति पहुंचे। माल्यर्पण करने के बाद बीजेपी कार्यालय पहुंचे। पार्टी के सांसद और विधायकों के साथ करीब 45 मिनट तक प्रदेश कार्यालय में बैठक की। मीटिंग के बाद सांसद और विधायकों ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा की गई। कैसे बिहार में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाये जाएं, इन बिंदुओं पर चर्चा की गई।

**खिलाड़ियों को किया सम्मानितः** सेवा सप्ताह के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इंटरनेशनल पैरालंपिक खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक समय में लोग खेल को प्राथमिकता नहीं देते था। ओलंपिक को भी रूटीन कार्यक्रम माना जाता था। पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने इस पर विशेष ध्यान दिया। ओलंपिक के लिए विशेष



योजना बनाई। पैरालंपिक को भी पीएम मोदी ने मुख्यधारा में लाने का काम किया। खुद सभी प्लेयर से मिलते हैं। खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हैं। हमेशा खड़े रहते हैं। आज इसका नतीजा है कि ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

**अश्विनी चौबे भी रहे मौजूदः** इस मौके पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, पार्टी के सीनियर नेता अश्विनी चौबे, सांसद रविशंकर प्रसाद, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े समेत कई नेता मौजूद रहे। तय कार्यक्रम के मुताबिक नड्डा 4 घंटे तक बिहार में रहेंगे। अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

**1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्यः** पार्टी सूत्रों की मानें तो 4 सितंबर से लेकर 26 सितंबर तक बिहार में 25 लाख लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। ये देश भर के अन्य राज्यों की तुलना में सबसे ज्यादा माना जा रहा है। हालांकि इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा फिलहाल पार्टी की ओर से जारी नहीं किया गया है। बिहार में पार्टी को एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है।

**7 सितंबर को दो दिवसीय दौरे पर आए थे बिहारः** इससे पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष 7 सितंबर को पटना आए थे। इस दौरान वे दो दिनों तक बिहार में रुके थे। दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के साथ बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने पटना, भागलपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर में सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया था। इसके साथ ही पार्टी के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की थी।

स्मार्ट मीटर पर जगदानंद ने सीएम से किए 13 सवाल, कहा -

## बिजली बिल की वजह से दो कमरे के बदले एक में शिफ्ट हुआ हूं




एजेंसी, पटना।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की थी। दूसरे ही दिन शनिवार को आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने प्रेस कांफ्रेस कर 13 सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर जनता त्राहिमाम कर रही है। आरेजेडी ने जब स्मार्ट बिजली मीटर से जुड़ा सवाल उठाया तो नीतीश कुमार को सामने आना पड़ा। लेकिन, उन्होंने किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। बिहार का एक व्यक्ति भी स्मार्ट मीटर से संतुष्ट नहीं है। जगदानंद सिंह ने कहा कि बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड ने 15 सितंबर 2024 को राज्य के जिलाधिकारियों को जारी पत्र को सामने रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने 2025 तक स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का लक्ष्य दिया है। अब इसको लगाने के लिए कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने दो दिन पहले ऊर्जा मंत्री के बयान के जवाब में कहा कि अगर मेरा बिजली बिल सही आ रहा है तो क्या पूरे बिहार के लोगों का मीटर ठीक हो गया, बिहार के लोगों की तकलीफें दूर हो गईं। मेरा बिजली बिल कैसे कम हुआ है। इसका भुक्तभोगी हूं मैं। दो कमरे में रहने वाला जगदानंद एक कमरे में जिंदगी गुजार रहा हूं। मेरी इतनी हैसियत नहीं है कि हम इतना बिजली बिल दे सकें, जबकि सरकार से मुझे पेंशन मिलता है। ऊर्जा मंत्री विजेन्द्र यादव ने कहा था कि जगदानंद सिंह का बिजली बिल पहले से कम आ रहा है।

**बिजली बेचने से खेती बर्बादः** जगदानंद सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार में संवेदनशीलता नहीं है। खेती बर्बाद हो रही है। बिजली बेची जा रही है। दो महीने से बारिश नहीं हुई है। समय से बिचड़े नहीं लगाए गए तो खेती बर्बाद हो रही है।

## कोसी बराज पर चढ़ा पानी, इंडो-नेपाल रोड बंद

एजेंसी, पटना।

नेपाल में भारी बारिश से बिहार में हालात बिगड़ने लगे हैं। सुपौल में कोसी बराज के कुछ हिस्सों के ऊपर से पानी जा रहा है। इसके चलते इंडो-नेपाल रोड बंद कर दिया गया है। कोसी बराज से अब तक 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इससे पहले पानी के दबाव को देखते हुए कोसी बराज के सभी 56 फाटक खोले दिए गए हैं। कोसी बराज से 3 बजे तक 5.41 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो चुका है। नदी में इतना पानी 56 साल बाद आया है। यह 1968 में नदी के सबसे अधिक फ्लो से सिर्फ 1 लाख क्यूसेक कम है। वहीं वाल्मीकिनगर गंडक बराज से 3 लाख 39 हजार क्यूसेक पानी



डिस्चार्ज हो रहा है, शाम तक 5 लाख 93 पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यहां 21 साल पहले इतना पानी आया था। यह 2003 के फ्लो लेवल से थोड़ा ही कम है। दोनों नदियों में पानी शुक्रवार को ही बढ़ गया। गंडक बराज से सुबह 1 बजे तक 4.32 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा चुका है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने बिहार के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 5 जिलों में रेड और 7 जिलों में यलो अलर्ट है।

## ट्रैफिक एसपी के सीने की चौड़ाई घट गई है, RJD ने बीजेपी ऑफिस के बाहर खड़ी गाड़ियों पर घेरा

एजेंसी, पटना।

बीजेपी ऑफिस के बाहर खड़ी गाड़ियों को लेकर एक बार फिर आरजेडी ने ट्रैफिक एसपी को घेरा है। मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि बीजेपी कार्यालय में कार्यक्रम चल रहा है। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में कई लोग पहुंचे हैं, लेकिन गाड़ियां आरजेडी ऑफिस तक लगा दी गई है। इस वजह से जाम की स्थिति बन गई है। ट्रैफिक एसपी लगता है बीमार पड़ गए हैं। ये नजारा उन्हें नहीं दिख रहा।

**ट्रैफिक एसपी डर से चैंबर में दुबके हुए हैं- शक्ति सिंह यादवः** आरजेडी के सदस्यता अभियान के दिन गाड़ियों का चालान काटने वाले ट्रैफिक एसपी के सीने की चौड़ाई घट गई है क्या। उस दिन तो बड़ा रुल और रेगुलेशन का पाठ पढ़ा रहे थे।

कहा- डर से चैंबर में दुबके हुए हैं



कानून तो सभी के लिए बराबर होना चाहिए। आज कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। बीजेपी के डर से ट्रैफिक एसपी अपने चैंबर में दुबके हुए हैं। शक्ति सिंह यादव ने आगे कहा कि जिसके उकसावे पर आप उस दिन चालान काटने आए थे, वे हमेशा के लिए नहीं रहने वाले हैं। यह डेमोक्रेसी है। कानून सभी के लिए एक होना चाहिए। ट्रैफिक एसपी अपने कर्तव्य के निर्वहन से क्यों चूक रहे हैं। उन्हें डर है कि ऊपर से हटा दिए जाएंगे।

**आरजेडी नेताओं की गाड़ियों का कटा था चालानः** दरअसल, 19 सितंबर गुरुवार को आरजेडी का सदस्यता अभियान कार्यक्रम था। इस दौरान वीरचंद पटेल पथ स्थित पार्टी ऑफिस के बाहर गाड़ियों की लंबी लाइन खड़ी थी। ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई थी। इसके बाद नए ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान खुद मौके पर पहुंचे और आरजेडी नेताओं की गाड़ियों का चालान काटा।

**कॉमन लोगों ने कंप्लेन किया था- ट्रैफिक एसपीः** ट्रैफिक एसपी ने कहा था कि किसी भी पार्टी के नेता गलत तरीके से गाड़ियां लगाएंगे तो कार्रवाई की जाएगी। हमारे पास कॉमन लोगों ने शिकायत की थी। भाजपा के कार्यक्रम में भी नियमों का उल्लंघन होगा तो कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी भी गलत तरीके से गाड़ी पार्क करेंगे तो चालान कटेगा।

## लालू हैं लैंड फॉर जॉब स्कैम के मास्टरमाइंड

एजेंसी, पटना।

ED ने दावा किया कि लैंड फॉर जॉब मामले में मुख्य साजिशकर्ता पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद ही हैं। ED ने यह दावा शुक्रवार को दायर अपनी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में किया। चार्जशीट में एजेंसी ने बताया कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद और उनके परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर लोगों से रिश्वत के तौर पर जमीन के टुकड़े लिए थे। आरोप है कि अपराध से अर्जित जमीन पर लालू प्रसाद यादव के परिवार का कब्जा है। यही नहीं लालू प्रसाद ने घोटाले की साजिश इस तरह रची कि अपराध से अर्जित जमीन पर कंट्रोल तो उनके परिवार का हो, लेकिन जमीन सीधे इनसे और परिवार से लिंक ना हो पाए। प्रोसीड ऑफ क्राइम यानी अपराध से अर्जित आय को खपाने के लिए कई इकाइयां (शेल कंपनियां) खोली गईं और उनके नाम पर जमीन दर्ज कराई गई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने हाल ही में इस मामले में लालू प्रसाद, तेजस्वी और तेजप्रताप को समन जारी किया था। ED के मुताबिक, साजिश की जांच



के दौरान खुलासा हुआ कि रेलवे में नौकरी के नाम पर रिश्वत के तौर पर जमीन लेना लालू प्रसाद यादव खुद तय कर रहे थे, इसमें उनका साथ उनका परिवार और करीबी अमित कत्याल दे रहे थे। कई जमीन के टुकड़े ऐसे हैं जो कि लालू प्रसाद यादव के परिवार की जमीन के ठीक बराबर में स्थित हैं और जिन्हें कौड़ियों के दाम पर खरीद लिया गया।

**कारोबारी भोला यादव के जरिए जमीन की पहचान कीः** लालू के परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों के नाम पर लगभग 7 जमीन हैं।

चार्जशीट में ED का दावा
नौकरी के बदले ली गई जमीन पर लालू परिवार का कब्जा

ये जमीन पटना के महुआ बाग में स्थित हैं। इसमें से 4 जमीन परोक्ष रूप से राबड़ी देवी से जुड़ी हुई हैं। ED ने कहा कि लालू प्रसाद यादव का महुआ बाग गांव से पुराना रिश्ता है। महुआबाग के जुलूमधारी राय, किशुन देव राय, लाल बाबू राय और अन्य ने लालू प्रसाद और राबड़ी देवी को जमीन दी। राबड़ी देवी ने 1990 में महुआ बाग में प्लॉट संख्या 1547 में एक टुकड़ा खरीदा था। व्यावसायिक लाभ के लिए लालू ने ओएसडी भोला यादव के माध्यम से जमीन की पहचान की। जमीन मालिक के परिजन को रेलवे में नौकरी देने के नाम पर सस्ते में जमीन खरीदी। ये जमीन लालू, उनके परिवार, एके इंफोसिस्टम्स, हृदयानंद चौधरी और ललन चौधरी के नाम पर ट्रांसफर की गई हैं।

## पटना के 6 थानों का SSP ने किया निरीक्षण

एजेंसी, पटना।

पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने शनिवार को गर्दनीबाग, बेऊर, जक्कनपुर, गांधी मैदान, कोतवाली और ट्रैफिक थाना का निरीक्षण किया। इन इलाकों में मॉर्निंग पेट्रोलिंग की चेकिंग की। गर्दनीबाग थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग को लेकर थानाध्यक्ष को फटकार लगाई है। साथ ही स्पष्टीकरण भी मांगा है। राजधानी पटना में चेन स्नेचिंग और छिनतई की घटना बढ़ी है। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। इसके अलावा संबंधित थानेदार को पेट्रोलिंग पर जोर देने का कहा है।

**थानेदार से स्पष्टीकरण मांगाः** निरीक्षण के दौरान लगभग सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की तैनाती



और पेट्रोलिंग संतोषजनक रही। सिर्फ गर्दनीबाग इलाके में पेट्रोलिंग संतोषजनक नहीं थी। जिसके बाद थानेदार से स्पष्टीकरण मांगा गया। एसडीपीओ सचिवालय को अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग को बेहतर करने का निर्देश दिया है। एसएसपी राजीव मिश्रा गांधी मैदान थाना क्षेत्र और अटल पथ भी पहुंचे। अटल पथ पर चेन स्नेचिंग की घटना बढ़ गई है। इस वजह से यहां अतिरिक्त पुलिसबल की तैनाती की गई है।

बिहार प्रशासनिक सेवा के 29 अफसरों का तबादला

## जहानाबाद भगदड़ के दोषी एसडीओ पटना के सीनियर डीसी बने, विभागीय कार्यवाही भी चलेगी

एजेंसी, पटना।

बिहार में ट्रांसफर-पोस्टिंग का दौर जारी है। बिहार प्रशासनिक सेवा के 29 अफसरों को इधर से उधर किया गया है। शशि शेखर पटना के उप नगर आयुक्त बनाए गए हैं। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**विकास कुमार पटना के सीनियर डिप्टी कलेक्टर बनेः** बराबर पहाड़ी पर हुई भगदड़ के लिए दोषी माने गए जहानाबाद अनुमंडल के एसडीओ विकास कुमार पटना के सीनियर डिप्टी कलेक्टर बनाए गए हैं। उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी चलेगी। बीते 11 अगस्त को बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में मची भगदड़ में 7 लोगों की मौत हुई थी। जहानाबाद डीएम ने 20 अगस्त को विकास कुमार पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने विकास पर कार्रवाई और सीनियर डीसी संबंधी अधिसूचना जारी की। समाज कल्याण विभाग की संयुक्त सचिव कुमारी सीमा को बीएमएसआईसीएल का सीजीएम, बीएमएसआईसीएल के सीजीएम नजर हुसैन को पंचायती राज विभाग में संयुक्त सचिव, बीएमएसआईसीएल के ही सीजीएम रवीन्द्र कुमार को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में संयुक्त सचिव, नगर विकास विभाग के उप सचिव राहुल बर्मन को बिहार राज्य आवास बोर्ड का



भू-सम्पदा अधिकारी बनाया गया है।

**शशि शेखर पटना नगर निगम के उपनगर आयुक्त बनेः** गया के अपर जिला दंडाधिकारी शशि शेखर को पटना नगर निगम का उपनगर आयुक्त, वैशाली के जिला पंचायती राज अधिकारी हरेन्द्र राम को बीएमएसआईसीएल का सीजीएम, आपदा प्रबंधन विभाग के ओएसडी शैलेश चन्द्र दिवाकर को बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति का प्रशासी अधिकारी और बृन्दा लाल को राज्य स्वास्थ्य समिति का पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं 12 अधिकारियों को जिला भू-अर्जन अधिकारी और 4 अधिकारियों को अपर समाहर्ता बनाया गया है।

## पटना सिटी में 4 शराब तस्कर गिरफ्तार ट्रेन से मंगवाते थे विदेशी शराब

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी के मालसलामी थाने की पुलिस ने घर से शराब की होम डिलीवरी करने वाले गिरोह के चार तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लाखों रुपए के अवैध विदेशी शराब को बरामद किया है। पुलिस गिरफ्तार शराब तस्करों से यह पता लगाने में जुटी है कि सभी तस्कर ट्रेन के माध्यम से कहां से और कैसे शराब को दूसरे राज्यों से मंगवाते थे।

**यूपी-झारखंड से शराब की तस्करीः** एक महीना पहले ट्रेन से अवैध शराब लाने का विरोध करने पर अपराधियों ने आरपीएफ के दो जवानों की हत्या की गई थी। इसके बाद भी शराब तस्कर खुलेआम शराब की तस्करी दूसरे राज्यों से ट्रेनों से लाकर करते हैं। उत्तर प्रदेश, झारखंड सहित बिहार से सटे पड़ोसी राज्यों से बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी हो रही है। इस तस्करी में ट्रेन के भी कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत होने



घर से करते थे होम डिलीवरी

की बात भी सामने आई थी। उत्तर प्रदेश की पुलिस ने शराब तस्करों से पूछताछ के बाद शराब तस्करी में ट्रेन के एक गैंगमैन को शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**क्या बोले थाना प्रभारीः** इस मामले को लेकर थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि राजेंद्र नगर स्टेशन से शराब लोड कर घर पर रखा जाता था। इसकी होम डिलीवरी की जाती थी। इस मामले में पुलिस ने प्रकाश कुमार, सौरभ कुमार, सुबोध कुमार एवं विकास कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लाखों रुपए के शराब जब्त किए हैं।

## बीजेपी नेता की रेकी कर रहे थे 3 लड़के, पटना पुलिस ने पकड़ा, लूटी हुई मोबाइल बरामद

एजेंसी, पटना।

पटना पुलिस ने बीजेपी नेता श्याम सुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा हत्याकांड में शामिल तीन नाबालिग को पकड़ा है। अभियुक्तों की निशानदेही पर मुन्ना शर्मा की लूटी गई मोबाइल बरामद हुआ है। इस मामले में मुख्य आरोपी सन्नी फिलहाल फरार है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 डॉ. गौरव कुमार ने बताया कि तीनों नाबालिग हत्या के वक्त बाइक से रेकी कर रहे थे। बीजेपी नेता के मोबाइल को अपराधियों ने शीतला माता मंदिर के पास करकट के नीचे छिपाकर रख दिया था। जिसे बरामद कर लिया गया है। पूर्वी सिटी एसपी शुभांक मिश्रा के निर्देश पर गठित टीम अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के 48 पुलिस के अंदर शूटर करण कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जिसके पास से देसी कट्टा, जिंदा कारतूस और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुआ था।

**शराब तस्करी का विरोध करने पर मर्डरः** करण ने पूछताछ के दौरान बताया कि वो सन्नी के साथ मिलकर शराब का धंधा करता था। मुन्ना शर्मा हमेशा डिस्टर्ब करता था। वो शराब तस्करी का विरोध करता था। कुछ दिन पहले भी सन्नी से विवाद हुआ था। परेशान होकर 6 सितंबर को सन्नी ने हथियार और कारतूस का इंतजाम किया था। 7 सितंबर को जक्कनपुर इलाके से एक बाइक की चोरी की। उसी



9 सितंबर को मुन्ना शर्मा की हुई थी हत्या

बाइक से मर्डर के लिए 3 लोग पहुंचे थे।

**समधी को ऑटो में बैठाकर लौट रहे थे मुन्ना शर्माः** बता दें, रविवार रात (8 सितंबर) को श्याम सुंदर उर्फ मुन्ना शर्मा के छोटे बेटे राहुल का छेका था। घर पर काफी रिश्तेदार आए थे। 9 सितंबर सुबह वो अपने रिश्तेदारों को छोड़ने गए थे। उन्हें ऑटो में बैठाकर लौट रहे थे, तभी 3 बदमाशों ने पटना सिटी के मंगल तालाब के पास उन्हें घेर लिया और गोली मार दी। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने लहूलुहान मुन्ना शर्मा को देखा तो पुलिस को सूचना दी। आनन-फानन में उन्हें नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। श्याम सुंदर पटना सिटी चौक के बीजेपी नगर मंडल अध्यक्ष थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लोहे के रड से मारकर दंपति को किया घायल, सोने की चेन और मंगलसूत्र भी छिनी

#### मारपीट में चार नामजद

**चाणक्य भूमि गौनाहा** / गौनाहा थाना क्षेत्र के गौनाहा गांव निवासी समीर कुमार की पत्नी किरण कुमारी ने लोहे की रड से मारपीट कर सोने की चेन व मंगलसूत्र छीन लिए जाने की एफआईआर थाने में दर्ज कराई है। दर्ज मामले में किरण कुमारी का कहना है कि अपने पति समीर कुमार के साथ 18 सितंबर को ससुराल से अपने मायके गौनाहा आई। 19 सितंबर को संध्या 5:30 बजे अपने पति के साथ गौनाहा बाजार से अपने मायके लौट रही थी, इसी बीच गौनाहा स्टेट बैंक के सामने मुख्य सड़क पर गौनाहा निवासी प्रसाद राम उर्फ प्रहलाद राम अचानक जान से मारने की नीयत से मुझे घेर कर गाली देने लगे तथा लोहे के रड से मेरे गर्दन पर वार कर दिए। उनके साथ चार-पांच आदमी थे, जो मुझे व मेरे पति को रड से मरने लगे। प्रहलाद राम के साथ उनका बड़ा पुत्र शशि भूषण कुमार, उनकी पत्नी दामिनी देवी एवं उनका दूसरा पुत्र भी था। सभी के हाथों में लोहे का रड था। दामिनी देवी भी लोहे के रड से मेरे गर्दन पर वार की। उनके पति प्रहलाद राम भी लोहे के रड से मारते हुए मेरे साथ बदतमीजी किये तथा मेरा समीज फाड़ दिया। मैं अपने आप को बचाने लगी। इसी बीच प्रहलाद राम मेरे गले से सोने कि चार भर कि चेन छीन लिया। उनकी पत्नी दामिनी देवी मेरा मंगलसूत्र छीन ली। प्रसाद राम व उनके दोनों बेटे मेरे पति को मारने लगे। मेरे पति वहीं बेहोश होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने हम दोनों को बचाया। मेरे पति को बेहोशी की हालत में मेरे पिता लाल बहादुर राम अस्पताल लाये। जहां डॉक्टरों ने स्थिति खराब होते देख बेतिया जीएमसीएच रेफर कर दिया। वहां ईलाज कराने के बाद गौनाहा पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई हूं। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि महिला के आवेदन के आधार पर प्राथमिक दर्ज कर अग्रतार कार्रवाई की जा रही है।

### इंडो-नेपाल बॉर्डर से दस लीटर नेपाली शराब जप्त, तस्कर फरार

**चा ० भूमि,मैनाटाड़।** इंडो नेपाल बॉर्डर से इनरवा पुलिस ने दस लीटर चुलाई शराब को जप्त करने में सफलता हासिल की है। इनरवा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की खम्हियां गांव के समीप से सेमरवारी पुल के पास से गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार के देर शाम 10 लीटर चुलाई शराब को जप्त किया गया। हालांकि पुलिसिया कार्रवाई को देख तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में लगातार शराब तस्कर और पियक्कड़ों पर पुलिस के पैनी निगाहें है किसी भी सूरत मे ऐसे लोग बक्से नही जाएगे।

### संभावित बाढ़ एवं तटबंध का निरीक्षण



**चा ० भूमि, मोतिहारी।** अनुमंडल पदाधिकारी सिकरहना(ढाका) द्वारा भारी वर्षा के कारण क्षेत्र में जल जमाव, संभावित बाढ़ एवं तटबंध का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी पदाधिकारी एवं अभियंता को अपने मुख्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। लालबकेया तटबंध के अभियंता को तटबंध का निरीक्षण करने एवं जल रिसाव की मरम्मती करने का निर्देश दिया गया। संभावित बाढ़ से प्रभावित होनेवाले पंचायत फुलवरिया,बलुआ गुवाबारी, गुरहनवा के निवासियों को सचेत किया गया, साथ ही बाढ़ आश्रय स्थल का भी निरीक्षण किया गया एवं जहां जहां पर रेन कट हुआ है। वहा पर जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता को शीघ्र उस रेन कट को भरने का निर्देश दिया गया।

### पिपरिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में उत्साह पूर्वक मनाया गया पोषण पखवाड़ा

#### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विद्यालय में किया गया श्रमदान से साफ सफाई



**चा ० भूमि,गौनाहा।** बाल विकास परियोजना गौनाहा द्वारा शनिवार को खराब मौसम के बावजूद भी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपरिया में पोषण पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन डीपीओ कविता रानी, सीडीपीओ कुमारी सुचेता, प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान, प्रखंड जदयू अध्यक्ष विक्रम चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। लगातार हो रही बारिश में भी आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओं व सेविकाओं ने उत्साह पूर्वक पोषण पखवाड़ा अभियान को सफल बनाया। इस मौके पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं द्वारा कचरे से बने खिलौने की प्रदर्शनी लगाई गई थी। सेविकाओं द्वारा पोषण पखवाड़ा एवं मोटे अनाज के उपयोग हेतु रंगोली भी बनाई गई थी। रंगोली के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को भी दर्शाया गया था।सेविकाओं द्वारा मिट्टी, प्लास्टिक व पत्ते का खिलौना बनाकर प्रदर्शनी लगाई गई थी। कार्यक्रम का सफल संचालन बुद्धेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू व बाल विकास समन्वयक नवीन कुमार ने किया।मौके पर महिला पर्यवेक्षिका बबीता कुमारी, रूपम प्रिया, प्रीति कुमारी, अंजुम आरा सहित दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका उपस्थित थी।स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पिपरिया मध्य विद्यालय में साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

### पुलिस ने छापामारी कर भारी मात्रा किया विदेशी शराब जब्त

**चाणक्य भूमि चकिया।** पुलिस को मधनिषेध के रोकथाम में एक बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब का खेप बरामद किया है। बताया गया है कि जिला पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत शीतलपुर महावीर चौक पर एक पान दुकान के पीछे धान के खेत में छापामारी किया गया तथा रखा शराब बरामद कर लिया गया। पकड़े गए शराब के खेप अलग अलग एम एल 32 लीटर अंग्रेजी शराब जो कार्टून में रखा गया था जब्त कर लिया गया। तथा संलिप्त एक तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान अर्जुन कुमार शीतलपुर के रूप में बताई गई है। इस छापामारी दल में स०अ०नि०सुनील कुमार दत,परि०पु० अ०नि०अंशू कुमारी एवं सहस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# उफान पर बोड़ाहा नदी

चाणक्य भूमि गौनाहा

पश्चिम चम्पारण जिले के कइ जगहों पर लगातार तीन दिन से रूक-रूक हो रही बारिश से ग्रामीण क्षेत्र के नीचले इलाके में बेलसण्डी पंचायत के टिकुल टोला पिपरा मे बोड़ाहा नदी का पानी घुस गया है। बारिश का पानी घुसने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टिकुल टोला से पिपरा सड़क पर दो फीट ऊपर पानी बह रहा है। जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए कहा कि लगातार बारिश से नदी उफान पर है। इसी नदी का पानी नीचले इलाकों में जा रहा है। जिससे कई गांव का संपर्क भी टूट गया है। अगर रात भर बारिश होती है तो नदी किनारे बसे सभी घरों में पानी घुसने का डर लोगों का सता रहा है। बारिश का पानी खेतों में लबालब भर जाने से धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचने का डर किसानों को अब सताने लगा है। गांव के इरशाद अंसारी, राकेश कुमार के घर में बारिश का पानी घुसने लगे है। इससे स्थानीय लोग काफी डरे हुए है। नदी के किनारे मौलादीन अंसारी, अरुण शर्मा और रशीद खा के धान की खेत मे नदी ने अपना बहाव चालू कर दिया है। धान की खेती में पानी की बहाव देखकर किसान पूरी तरह से भयभीत हो चुके हैं। वही बारिश के समय में तेज हवा चलने से गन्ने का पौधा भी टूट कर जमीन पे सो गया है। कुछ स्थानीय किसानों ने आस लगाए हुए बैठा है कि नदी के पानी कम होने पर धान एवं गन्ने फसल की स्थिति देख बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। वही एक तरफ किसानों की समस्या तो दूसरी तरफ ग्रामीणों के घर में पानी घुसने से सारा सामान तीतर वीतर हो गया है जिसे बचाने हेतु ग्रामीण एकजुट होकर लगें हुवे है। यह दृश्य देखकर नौजवान बुजुर्ग तथा बच्चे काफी डर गए हैं।



» निचले इलाके में घुसा पानी

## सोलह सीआरसी पर छात्र-छात्राओं के परीक्षा दिए गए कॉपियों का हो रहा मूल्यांकन, शिक्षक किए गए हैं नामित

चाणक्य भूमि मैनाटाड़

मैनाटाड़ प्रखंड क्षेत्र के 16 सीआरसी केंद्रों पर वर्ग 3 से 8 तक परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं के कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। सभी सीआरसी स्तर पर कॉपियों के जांच के लिए एक केंद्र अधीक्षक तथा अलग-अलग विषयों के शिक्षक को प्रतिनियुक्त किया गया। वही उच्च माध्यमिक विद्यालय इनरवा सीआरसी के केंद्र अधीक्षक शिलाचंद्र दास ने बताया कि वर्ग 3 से 8 तक के छात्र-छात्राओं द्वारा दिए परीक्षा के कॉपियों का सीआरसी स्तर पर मूल्यांकन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विषय के लिए अलग-अलग शिक्षक लगाए गए हैं। जो कॉपियों का जांच कर रहे है। सरकार ने यह नियम पहली बार लगाई है। उन्होंने बताया कि सफदर अली , सत्येंद्र शाह, सोनम कुमारी,सुनील कुमार, सुजीत कुमार, रामजीत राम, फरहाद हुसैन, दिलीप कुमार ,अमन बाबू ,अभय कुमार ,निलेश वर्मा,राहुल कुमार,ओमप्रकाश कुमार आदि शिक्षको को जांच मे लगाया गया है। उन्होंने बताया कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खम्हियां, प्राथमिक विद्यालय बैरिया, इनरवा बाजार उर्दू, नकरदेही तथा मध्य विद्यालय इनरवा के कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है। इधर बीईओ कृष्णा कुमारी ने बताया कि कॉपियों का जांच 27 सितंबर से चल रहा है, जो 1 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि कॉपियों का मूल्यांकन कर रिजल्ट को ई-शिक्षकोष पर अपलोड किया जाएगा।



» मैनाटाड़ के उच्च माध्यमिक विद्यालय इनरवा में कॉपियों को जांच करते शिक्षक व शिक्षिका

# मैनाटांड़ में घर गिरा , बच्ची की हुई मौत

चा ० भूमि,मैनाटाड़

**मैनाटांड़।** लगातार हो रही वारिश से एक झोपड़नुमा घर पर बगल के निर्माणधीन घर का दीवाल गिर जाने से घर में सो रही बारह वर्षीय लड़की की मौत हो गयी।घटना शनिवार के सुबह की है। वहीं घर में सो रहे अन्य सदस्य किसी तरह निकलकर अपनी जान बचायी।मृत लड़की की पहचान लगड़ी बस्ठा के ललन पड़ित की बारह वर्षीय पुत्री तेतरी कुमारी के रूप में की गयी है।

मिली जानकारी के अनुसार लगड़ी बस्ठा के ललन पड़ित का परिवार अपने झोपड़ीनुमा घर में सो रहा था ।वहीं लगातार बारिश से बगलगीर के निर्माणधीन घर का दीवाल ललन पंडित के घर पर गिर गया ।जिसमें दबकर चौकी पर सो रही ललन पड़ित की पुत्री तेतरी कुमारी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं उसके साथ सो रही उसकी बहन रंजू कुमारी और रानी कुमारी किसी तरह बचकर निकली। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि नफीस अंजुम, रोहित कुमार,रीतेश यादव,लालबाबू प्रसाद,जयमुल्लाह आदि लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना सीओ आशीष आनंद और थानाध्यक्ष मंटू कुमार को दिया ।सूचना मिलते ही दरोगा रंजीत कुमार और राजस्व कर्मचारी प्रभाकर कुमार मौके पर पहुंच घटना की बावत जांच पड़ताल किये। दरोगा रंजीत कुमार ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया। वहीं सीओ आशीष आनंद ने बताया कि ललन पड़ित के घर पर पड़ोसी का निर्माणधीन घर का दीवाल वारिश के कारण गिर जाने के कारण तेतरी कुमारी की मौत हो गयी है। मेरे द्वारा मृतक तेतरी कुमारी के परिजनों को आपदा विभाग से मिलने वाले मुआवजा राशि के भुगतान के लिए प्रतिवेदन जिला को भेज दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि मृतका के माता जोखन देवी के आवेदन पर यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



» बारिस के कहर ने ले ली किशोरी की जान
» पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजा

## वर्ल्ड फार्मेसी दिवस पर सुभवंती इंस्टीच्यूट दुबौलिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




चा ० भूमि, मझौलिया

**मझौलिया।** शनिवार को सेनुअरिया पंचायत के दुभवलिया में शुभवंती इंस्टिट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन कॉलेज में वर्ल्ड फार्माशिस्ट दिवस पर फार्मेसी के महत्व पर प्रकाश डाला गया।मौके पर भारी संख्या में इंस्टिट्यूट के छात्र और छात्राएं शामिल हुई।इंस्टीच्यूट के ग्रुप डाइरेक्टर डॉ. रवि नाथ ने कहा कि फार्मशिस्ट का योगदान दवा से लेकर दवा की खोजतक होता है।फार्मेसी के बाद जॉब की असीम संभावनाएं होती है।समारोह के सफल संचालन में छात्र छात्राओं का उल्लेखनीय योगदान रहा।छठे सेमस्टर के छात्र आदर्श कुमार और छात्रा साक्षी मिश्रा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक के जरिये फार्मेसी के क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया गया।समारोह को चम्पारण जिला के औषधी निरीक्षक नागेंद्र कुमार, सतीश कुमार,प्राचार्य डॉ. अफरोज आलम,मैनेजमेंट कालेज के इंचार्ज बीरेश राय पंकज कुमार आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।समारोह के पूर्व आगत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

## बिहार राज्य (अंतरजिला) विद्यालय वॉलीबॉल अंडर_19 प्रतियोगिता का आयोजन



चा ० भूमि,मधुबनी

जिला खेल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि भारी बारिश के कारण शंभुआड़ उच्च विद्यालय के प्रांगण में पूर्व निर्धारित आयोजन स्थल पर मैच नहीं कराया जा सका। इसके बाद राज्य भर से आए हुए तकनीकी पदाधिकारियों और राज्य बॉलीबॉल संयोजक संजीव कुमार सिंह ने खेल के हित में निर्णय लेते हुए इसे वाटसन स्कूल परिसर स्थित क्रीड़ा भवन के इंडोर परिसर में आयोजित करने पर सहमति जताई गई। इसके बाद मैचों को नॉक आउट पद्धति से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन के दौरान बेगूसराय ने मधेपुरा को, नालंदा ने वैशाली को, मुंगेर ने गया को, कैमूर ने पूर्णिया को, सारण में पूर्वी चंपारण को, औरंगाबाद में पटना को, जमुई ने लखीसराय को, नवादा ने शेखपुरा को, मुजफ्फरपुर में बक्सर को और भागलपुर ने खगड़िया को हराया। अन्य टीमों के द्वारा खेल का प्रदर्शन लगातार जारी है।

# 6, 7 एवं 8 अक्टूबर को आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

चाणक्य भूमि मोतिहारी

बिहार सरकार के द्वारा कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना के तहत जिला युवा उत्सव का आयोजन पूर्वी चंपारण जिला में 6 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में किया जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में हुई पदाधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया। जिला युवा उत्सव में भाग लेने के लिए 15 वर्ष से 29 आयु वर्ग के इच्छुक छात्र/छात्रा/व्यक्ति जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्वी चंपारण के कार्यालय में आवेदन करेंगे। जिला युवा उत्सव में विभिन्न विधाओं अंतर्गत भाग लेने वाले प्रतिभागियों में प्रतियोगिता कराई जाएगी एवं उसमें से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव के लिए चयनित किया जाएगा।जिला युवा उत्सव में जिन विधाओं को शामिल किया गया है उसमें एकल/समूह लोक नृत्य एवं लोकगीत शास्त्रीय/ उप शास्त्रीय गायन, नृत्य एवं वादन एकांकी/ लघु नाटक एवं नाटिका चित्रकला, मूर्ति कला, हस्तशिल्प,छायाचित्र वक्तृता(भाषण) को शामिल की गई है। इन विधाओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को अलग-अलग आवेदन देने होंगे।बैठक में युवा उत्सव के सफल आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारी को अपर समाहर्ता के द्वारा निर्देश देते हुए कहा गया कि जिन पदाधिकारी को जो दायित्व दिया गया है उसका अच्छे से क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी को अपने स्तर से जिला अवस्थित विद्यालयों/ महाविद्यालयों में समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को व्यापक एवं सफल बनाने तथा सभी प्रखंडों की सहभागिता के लिए प्रतिभागियों के भाग लेने हेतु सरकारी/गैर सरकारी विद्यालयों के प्रधान को निर्देशित करेंगे। राज्य सरकार के द्वारा दिए गए अनुदेश एवं जिले के सभी क्षेत्र के सहभागियों के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि जिले के सभी उच्च विद्यालय एवं महाविद्यालय इस उत्सव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि बेहतर प्रतिभागियों का चयन किया जा सके।जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने वाले अव्वल प्रतिभागियों के चयन के लिए निर्णायक मंडल के गठन का निर्देश दिया गया।निर्णायक मंडल कार्यक्रम स्थल पर भाग लेने वाले प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग करेगी।जिला स्तरीय युवा उत्सव में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर पर आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेंगे इसके लिए जिला प्रशासन अलग से व्यवस्था करेगी।बैठक में अपर समाहर्ता के साथ प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा, प्रभारी पदाधिकारी जिला नजारत शाखा, डीसीएलआर मोतिहारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा सह जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

चाणक्य भूमि मोतिहारी

स्थानीय ज्ञानबाबू चौक स्थित संघ कार्यालय में 27 से 29 सितम्बर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,मोतिहारी का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित है,जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से 40 शिक्षार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वर्ग के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना काल से ही शाखा,शिविर,प्रशिक्षण वर्ग तथा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण कर राष्ट्र निर्माण के पवित्र कार्य में अनवरत गतिशील है। संघ अपने प्रशिक्षण के माध्यम से सामान्य जनमानस में भी ऐसे भाव भरता है कि वह राष्ट्र-प्रेम से ओत-प्रोत होकर अपना जीवन देशहित में समर्पित कर देता है।जिला प्रचारक शिवम सोनू ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों को बौद्धिक,शारीरिक और मानसिक रूप से इस बात के लिए तैयार किया जाता है कि वे व्यक्तिगत स्वार्थ से ज्यादा राष्ट्रहित को महत्व दें एवं देशहित में कार्य करें। मौके पर वर्ग कार्यवाह अशोक कुमार,नगर कार्यवाह संजीव कुमार,मुख्य शिक्षक अभिषेक जी,बौद्धिक प्रमुख गौतम कुमार,प्रतीक वर्णवाल,राकेश तिवारी,अनिल जी,अखिलेश्वर मिश्र,अचल जी,संजीत गिरि,उत्पल कश्यप,कृष्णा जी,निराला कुमार,पवन जी सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 'विकसित भारत' पहल के तहत आयोजित किया कार्यक्रम

चाणक्य भूमि मोतिहारी

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) ने 'विकसित भारत' पहल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने की, और मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस और आईजी विकास वैभव उपस्थित रहे। जिन्होंने बिहार की समृद्ध धरोहर, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम के स्वागत भाषण में प्रो. प्रसून दत्त सिंह, मानविकी एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने बिहार के गौरवशाली अतीत की चर्चा करते हुए इसे भविष्य के निर्माण का आधार बताया। उन्होंने बिहार की ज्ञान, शासन और उद्यमिता में ऐतिहासिक योगदान की बात करते हुए राज्य की महत्ता पर बल दिया।मुख्य भाषण में आईपीएस और आईजी विकास वैभव ने चिंतन और पुनरुत्थान की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "विकसित भारत की परिकल्पना विकसित बिहार के बिना पूरी नहीं हो सकती," और बिहार की उस धरोहर को रेखांकित किया जिसने प्राचीन विश्व में अपनी अमिट छाप छोड़ी। श्री वैभव ने युवाओं से आग्रह किया कि वे बिहार की पूर्व गौरवशाली ऊंचाइयों पर ध्यान दें और समझें कि बिहार का पतन क्यों हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्वजों के व्यापक दृष्टिकोण से प्रेरणा लेकर वर्तमान पीढ़ी को भविष्य निर्माण और राष्ट्रीय प्रगति के लिए अपनी सामूहिक ऊर्जा का उपयोग करना चाहिए।अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बिहार की समृद्ध कृषि और मछली आधारित अर्थव्यवस्था की चर्चा की, जो कभी फली-फूली थी, लेकिन शिक्षा, कानून और व्यवस्था, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में प्रणालीगत विफलताओं के कारण राज्य पिछड़ता गया।



# कानपुर टेस्टः बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल रद्द, एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी

**एजेंसी, कानपुर**

भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में चल रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। दूसरे दिन शनिवार को एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। सुबह से ही मैदान कवर्स से ढके थे। शुरुआती दिन का खेल भी बारिश से प्रभावित रहा था, जिस कारण पहले दिन केवल 35 ओवर ही फेंके जा सके। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 107 रन बना लिये थे। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे थे।



टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने दो विकेट लिये। उन्होंने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (0) और शादमान इस्लाम (24) को आउट किया, जिससे बांग्लादेश का स्कोर 29 रन पर 2 विकेट हो गया। इसके बाद कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो और मोमिनुल हक के बीच 51 रन की साझेदारी हुई, जिसे रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा। अनुभवी ऑफ स्पिनर ने शान्तो को 31 रन पर आउट किया। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर रहीम ने बांग्लादेश की पारी को 100 के स्कोर पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर बारिश आ गई। इसके बाद पहले दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। चेन्नई में पहला टेस्ट 280 रनों से जीतने के बाद मेजबान टीम दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1-0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड तीन टेस्ट मैचों के दौरे के लिए भारत आएगा।

## बांग्लादेशी प्रशंसक ने लिया यू टर्न, कहा-अस्वस्थ महसूस कर रहा था

**एजेंसी, कानपुर ।** यहां ग्रीन पार्क में शुक्रवार को भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन कथित विवाद के केंद्र में रहे एक बांग्लादेशी प्रशंसक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बांग्लादेशी सुपरफैन रॉबी ने शुरू में कहा था कि उन्हें अन्य प्रशंसकों से कुछ हिंसा का सामना करना पड़ा है, लेकिन बाद में अस्पताल में उन्होंने यू टर्न लेते हुए कहा कि वह कानपुर की गर्मी में निर्जलीकरण से पीड़ित होने के बाद अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। लंच ब्रेक के दौरान रॉबी को अपने चेहरे पर बाघ की धारियां रंगे हुए गेट से बाहर निकलते हुए और मीडिया कर्मियों के लिए बनाए गए गेट के पास आता हुआ दिखाई दिया। सुरक्षा अधिकारियों और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अधिकारियों ने उन्हें कुर्सी दी, उन्हें पानी की पेशकश की और जल्द ही उन्हें चिकित्सा सुविधा तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की। उस समय रिकॉर्ड किए गए वीडियो में रोबी को बेचैनी में दिखाया गया था, और जबकि उसके शब्द अस्पष्ट थे, उसने संकेत दिया कि उसकी पीठ के निचले हिस्से में पीछे से मुक्का मारा गया था, और पसलियों में कोहनी मारी गई थी। वह बेदम और संघर्ष करता हुआ दिखाई दिया। यह सब तब हुआ जब बांग्लादेश के कानपुर में टेस्ट मैच खेलने का विरोध जारी रहा। मैच की पूर्व संध्या की तरह, कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को स्टेडियम से बमुश्किल एक किलोमीटर की दूरी पर विरोध प्रदर्शन किया।

## बोरा हेरारा की पहली हैट्रिक की बदौलत एफसी गोवा ने ईस्ट बंगाल को हराया

**एजेंसी, कोलकाता**



एफसी गोवा के स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर बोरा हेरारा ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 सीजन की पहली हैट्रिक जमाई। उनकी इस हैट्रिक की मदद से गौर्स ने शुक्रवार रात विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए आईएसएल 2024-25 सीजन मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी को 3-2 से हरा दिया। एफसी गोवा की सीजन की पहली जीत में हेरारा ने 13वें, 30वें और 71वें मिनट में गोल किए। हेरारा को शानदार हैट्रिक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

गोवा की इस जीत से स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज निश्चित रूप से राहत महसूस कर रहे होंगे। एफसी गोवा तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में दसवें से पांचवे स्थान पर आ गई है। वहीं, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड की लगातार तीसरी हार से स्पेनिश हेड कोच कार्लेस कुआड्राट बेहद निराश होंगे। ईस्ट बंगाल एफसी तीन मैचों में तीन हार के कारण खाता खोले बिना तालिका में 12वें स्थान पर बनी हुई है। मैच का पहला गोल 13वें मिनट में आया, जब स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। बायीं तरफ से सर्बियाई विंगर डेजान ड्रैजिक ने क्रॉस डालकर गेंद को बॉक्स के अंदर डाला, जिसको ईस्ट बंगाल के गोलकीपर देबजीत मजूमदार ने आगे की ओर डाइव लगाकर को क्लीयर जरूर किया लेकिन गेंद ज्यादा दूर नहीं गई और सामने पहुंचे हेरारा ने दाहिने पैर से गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर भेज दिया। 20वें मिनट में स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने अपना दूसरा गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को 2-0 कर दिया। गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी ने अपने बॉक्स ठीक बाहर से एक एरियल थ्रू-पास मैदान के अकैटिंग थर्ड पर खेला, जहां विंगर बोरिस सिंह ने ईस्ट बंगाल के सेंटर-बैक हेजारी माहेर से गेंद छीनी और फिर बॉक्स के अंदर घुसने के बाद उन्होंने गोललाइन के करीब से गेंद को माइनस करके सेंटर किया जहां मौजूद हेरारा ने इस बार बाएं पैर से गेंद को हल्का सा लॉब करके बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर भेज दिया जबकि गोलकीपर देबजीत मजूमदार अपने दाहिनी तरफ डाइव लगाकर भी बचाव नहीं कर पाए। 29वें मिनट में फ्रेंच मिडफील्डर मादिह तलाल ने पेनल्टी किक पर गोल करके ईस्ट बंगाल को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 1-2 कर दिया।

## पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ी हरबिंदर सिंह व जफर इकबाल भारत-जर्मनी मैच को लेकर उत्साहित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ी हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। इस आयोजन में पूर्व हॉकी सितारों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। भारतीय टीम 23 और 24 अक्टूबर को पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेताओं से भिड़ेगी। पेरिस ओलंपिक में हॉकी फाइनल में जर्मनी की टीम नीदरलैंड से हार गई थी और रजत पदक अपने नाम किया था। वहीं भारतीय टीम ने जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था, जहां जर्मनी ने 3-2 से जीत दर्ज की थी।



भारत ने ओलंपिक में तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था। शनिवार को जारी एक बयान में हॉकी इंडिया ने बताया कि पद्मश्री हरबिंदर सिंह ने कहा कि 1972 में मैंने आखिरी बार दिल्ली में राष्ट्रीय टीम के लिए हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक हमारे लिए चीयर कर रहे थे। मेरा मानना है कि भारतीय टीम और जर्मनी के लिए भी बहुत से प्रशंसक उत्साह दिखाने आएंगे। आखिरकार, वे एक दशक के बाद एक उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय मैच देखेंगे। वर्ष 1980 के मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और दिल्ली में 1982 के एशियाई खेलों में रजत जीतने वाली टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा कि हमारे जमाने में हॉकी के बहुत से प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेल और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैच जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक आते थे और हम जिन विशाल स्टेडियमों में खेलते थे, उनमें हमेशा उत्साह देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि जर्मनी एक मजबूत टीम है, हमने टोक्यो ओलंपिक में उन्हें हराकर कांस्य पदक जीता और हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे हार गए थे। मुझे यकीन है कि भारतीय दर्शक हमें उन पर जीत हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

## क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में शिशु मंदिर के बच्चों ने जीते पदक

**एजेंसी, मेरठ**

अखिल भारतीय विद्या भारती द्वारा आयोजित 36वीं क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में मेरठ के बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने पदक जीते। विद्यालय पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विद्या भारती द्वारा छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर बुलंदशहर में 24 से 26 सितंबर तक 36वीं क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शास्त्रीनगर डी ब्लॉक स्थित बालेराम बृजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग में नौ स्वर्ण पदक, 11 रजत पदक और चार कांस्य पदक जीते। इसी तरह से अंडर-17 बालक व बालिका वर्ग में नौ स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक और सात कांस्य पदकों पर निशाना लगाया। अंडर-19 बालक व बालिका वर्ग में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने चार स्वर्ण पदक, पांच रजत पदक और एक कांस्य पदक जीता। इन तीनों वर्गों में विद्यार्थियों ने ऑल ओवर चैंपियनशिप प्राप्त की। यह सभी खिलाड़ी अब 30 नवंबर से तीन दिसंबर 2024 तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शनिवार को विद्यालय में प्रधानाचार्य कृष्णकुमार शर्मा ने शूटिंग कोच जॉनी चौधरी और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर नीरज, संजय सैनी, राजकुमार त्यागी, धीरज कुमार, चांदनी नेगी, नितिन, विनय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## इंग्लैंड दौरे से बाहर हुए चोटिल कैमरन ग्रीन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरन ग्रीन पीठ की चोट के कारण मौजूदा इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में उनकी भागीदारी पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा कि ग्रीन की चोट की पूरी गंभीरता उनके पर्थ पहुंचने पर आकलन के बाद निर्धारित की जाएगी। भारत के खिलाफ पहला टेस्ट लगभग दो महीने दूर है, पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा।



25 वर्षीय खिलाड़ी ने चेस्टर-ले-स्ट्रीट में तीसरे वनडे के बाद दर्द की शिकायत की, जहां उन्होंने गेंद से 45 रन देकर 2 विकेट लिए और बल्ले से 45 रन बनाए। प्रारंभिक स्कैन में पीठ की चोट का पता चला, जिससे उन्हें भारत के खिलाफ आगामी महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले घर लौटना पड़ा। ग्रीन को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में दूसरे वनडे से आराम दिया गया था, लेकिन उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ सभी तीन टी20 मैच खेले थे। चोटों के मामले में ऑस्ट्रेलिया का अब तक ब्रिटेन का दौरा निराशाजनक रहा है और नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, रिले मेरेडिथ और बेन ड्वारशुइस के बाद ग्रीन पांचवें खिलाड़ी हैं जो चोटिल हुए हैं।

# व्यापार

## गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटा, चावल की दूसरी किस्मों की एक्सपोर्ट ड्यूटी घटाई गई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इसके साथ ही उसना चावल (बॉयल्ड राइस) पर एक्सपोर्ट ड्यूटी में बदलाव कर इसे आधा कर दिया गया है। पहले बॉयल्ड राइस पर 20 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती थी, जिसे घटा कर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इस संबंध में सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक ब्राउन राइस पर भी एक्सपोर्ट ड्यूटी घटकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह व्हाइट राइस पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी शून्य कर दी गई है। ड्यूटी में हुई ये कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। बताया जा रहा है कि फिलहाल देश में अनाज का भंडार पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। इसके साथ ही किसानों ने नई फसल की कटाई भी शुरू कर दी है। आने वाले हफ्तों में ये कटाई और तेज होगी। जिससे देश में अनाज के भंडारण में कमी होने या अनाज की



उपलब्धता घटने की आशंका खत्म हो जाएगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल देश में भरपूर मानसूनी बारिश होने की वजह से किसानों ने 41.35 मिलियन हेक्टर खेत में चावल की फसल लगाई है, जबकि पिछले साल देश में 40.45 मिलियन हेक्टर खेत में चावल की खेती हुई थी। इस वजह से भी नए सीजन में चावल के उत्पादन में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। ऐसे में एक्सपोर्ट ड्यूटी में कमी लाने या एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध जारी रखने का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है। इसके पहले पिछले साल केंद्र सरकार ने बॉयल्ड राइस के निर्यात पर 20 प्रतिशत की ड्यूटी लगाई थी, क्योंकि उसके पहले के सीजन में सामान्य से कम बारिश होने की वजह से चावल की फसल प्रभावित हुई थी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल जुलाई में चावल की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए और चावल की कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन अब एक्सपोर्ट ड्यूटी में कमी होने से भारत से निर्यात किए जाने वाले चावल के निर्यात मूल्य में कमी आएगी। साथ ही शिपमेंट में भी तेजी आएगी। गैर बासमती सफेद चावल के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध और चावल की अन्य किस्मों पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी में की गई कमी का राइस एक्सपोर्टर्स ने स्वागत किया है। मून राइस एक्सपोर्ट्स के सीईओ नरेश गुप्ता का कहना है कि निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का फैसला कृषि क्षेत्र को मजबूती देगा और इससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। हालांकि कुछ जानकारों का कहना है की गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का सीधा असर परमल धान की कीमत पर होगा। चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध के समाप्त होने के बाद बाजार में तेजी आने की संभावना है। बाजार में धान की मांग तुलनात्मक तौर पर और अधिक बढ़ेगी, जिससे सरकारी खरीद शुरू होने के पहले भी किसानों को अपनी उपज के एवज में ज्यादा कीमत मिल सकेगी।

## बीएसई और एनएसई ने ट्रांजेक्शन फीस स्ट्रक्चर में किया बदलाव, 1 अक्टूबर से लागू होगी नई व्यवस्था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के निर्देश के अनुसार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कैश तथा फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग के लिए ट्रांजेक्शन फीस में बदलाव करने का ऐलान किया है। ट्रांजेक्शन फीस की नई दरें 1 अक्टूबर से लागू हो जाएंगी। सेबी ने एक सर्कुलर जारी करके शेयर बाजार समेत मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (एमआईआई) के सभी सदस्यों के लिए एक समान फीस स्ट्रक्चर को अनिवार्य कर दिया है। दरअसल, जुलाई के महीने में ही सेबी ने एक सर्कुलर जारी करके मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (एमआईआई) की ओर से लगाए जाने वाले ट्रांजेक्शन चार्ज के संबंध में निर्देश जारी किया था कि एमआईआई के पास सभी सदस्यों के लिए एक समान फीस स्ट्रक्चर होना चाहिए। ये फीस स्ट्रक्चर मौजूद वॉल्यूम बेस्ड स्लैब सिस्टम को रिप्लेस करेगा। सेबी के सर्कुलर में ये भी साफ किया गया था कि ट्रेडिंग मेंबर्स की ओर से अपने क्लाइंट्स से



वसूले जाने वाले चार्जेज और मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस को ट्रेडिंग मेंबर्स द्वारा दिए जाने वाले चार्जेज में परस्पर समानता होनी चाहिए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। सेबी के निर्देश के अनुरूप ही बीएसई और एनएसई ने अलग-अलग सर्कुलर जारी करके ट्रांजेक्शन फीस में होने वाले बदलाव की जानकारी दी है। बीएसई के सर्कुलर के मुताबिक इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में सेंसेक्स और बैंकेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ट्रांजेक्शन फीस को रिवाइज करके 3,250 रुपये प्रति करोड़ प्रीमियम टर्नओवर कर दिया गया है। हालांकि सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में दूसरे कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ट्रांजेक्शन चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मौजूदा व्यवस्था में सेंसेक्स 50 ऑप्शंस और स्टॉक ऑप्शंस के लिए बीएसई प्रति करोड़ प्रीमियम टर्नओवर पर 500 रुपये ट्रांजेक्शन फीस चार्ज करता है। इंडेक्स और स्टॉक फ्यूचर्स के लिए कोई ट्रांजेक्शन फीस नहीं ली जाती है। बीएसई की तरह ही एनएसई ने भी सर्कुलर जारी करके बताया है कि अब कैश मार्केट के लिए प्रति लाख ट्रेडड वैल्यू पर 2.97 रुपये ट्रांजेक्शन फीस होगी। इसी तरह इक्विटी फ्यूचर्स के लिए ट्रांजेक्शन फीस प्रति लाख ट्रेडड वैल्यू पर 1.73 रुपये और इक्विटी ऑप्शंस के लिए प्रति लाख प्रीमियम वैल्यू पर 35.03 रुपये होगी। इसके अलावा करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में फ्यूचर्स के मामले में ट्रांजेक्शन फीस प्रति लाख ट्रेडड वैल्यू पर 0.35 रुपये होगी, जबकि इंटरेस्ट रेट ऑप्शंस समेत अन्य ऑप्शंस के लिए प्रति लाख प्रीमियम वैल्यू पर 31.10 ट्रांजैक्शन फीस होगी।

## भारत-म्यांमार जेटीसी की बैठक संपन्न, कई अहम मुद्दों पर बनी सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत-म्यांमार संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की 8वीं बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई। राजधानी नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में आयोजित बैठक में दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर सहमति जताई गई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत वाणिज्य विभाग के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ महाजन और व्यापार विभाग, म्यांमार के महानिदेशक मिंट थुरा ने की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि भारत-म्यांमार जेटीसी की 8वीं बैठक में आपसी विकास को बढ़ावा देने के लिए सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने



शिपिंग, कपड़ा, स्वास्थ्य, भारतीय फार्माकोपिया, बिजली, परिवहन और कनेक्टिविटी, आईसीटी, 5-जी टेलीकॉम स्टैक और एमएसएमई क्षेत्र जैसे फोकस क्षेत्रों के बारे में बातचीत की, जो सहयोग के प्रमुख रास्ते हैं। इस बैठक में हितधारक मंत्रालयों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। मंत्रालय के मुताबिक बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि कैसे यह सहयोग दीर्घकालिक लाभ की ओर ले जा सकता है, जिससे दोनों देशों को आपसी समर्थन और सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हुए अपने लक्ष्यों को अधिक प्रभावी ढंग से प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस बैठक में भारत ने रुपया-क्यात व्यापार निपटान तंत्र के निर्माण का भी स्वागत किया, इसके कार्यान्वयन के बाद म्यांमार के साथ स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय वाणिज्य में वृद्धि को बढ़ावा देने की उम्मीद जताई।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 692.30 अरब डॉलर की नई ऊंचाई पर

**एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली**

विदेशी मुद्रा भंडार ने नया रिकॉर्ड बनाया है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 सितंबर को समाप्त हफ्ते में 2.84 अरब डॉलर बढ़कर 692.30 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.46 अरब डॉलर हो गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों बताया कि 20 सितंबर को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीआर) 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 605.69 अरब डॉलर



हो गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 72.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 63.61 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 12.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.54 अरब डॉलर हो गया। हालांकि, 20 सितंबर को समाप्त हफ्ते में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 6.6 करोड़ डॉलर घटकर 4.46 अरब डॉलर रहा है।

## सरफा बाजार में तेजी से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में शनिवार को एक बार फिर तेजी का माहौल बना हुआ है। सोने के भाव में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,610 रुपये से लेकर 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,160 रुपये से लेकर 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मजबूती आई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश



की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# झम झम बारिश से नगर के सड़कों पर जल जमाव

चाणक्य भूमि बगहा



**बगहा**। लगातार रुक- रुक कर हो रही बारिश से बगहा शहर में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। चारों तरफ जल जमाव से आम लोग परेशान हो चुके हैं। वही जल जमाव की समस्या नगर के लिए नासूर बनता जा रहा है। अभी पिछले बरसात का पानी निकल ही नहीं था कि बुधवार कि शाम से हो रही लगातार बारिश से एक बार फिर नगर पूरी तरह से झील में तब्दील हो गया है। नगर को जल जवाब से मुक्त रखने का सारा दावा यहां नकारा साबित हो रहा है। बगहा एक बीआरसी भवन भी जल जमाव की जद में आ गया है। दूसरी ओर वार्ड 30 के मुख्य सड़क पर दो फीट पानी बह रहा है। लेकिन नगर प्रशासन इस पर चुप्पी साधे हुई है। नगर प्रशासन के इस उदासीन रवैया के लोगों का लोगों में रोष रहा है। वहीं वार्ड संख्या 30 के लोगों ने बताया कि एनएच के द्वारा बनाए गए नाली का सही मिलान नहीं होने के कारण बरसात में बाजार का पुरा पानी इस इसी रास्ते से निकलता है जिसके चलते इस वार्ड में लगातार जल जमाव की समस्या बनी रहती है।

# किसी भी हालत मे बगहा नगर के आनंदनगर पर नदी का दबाव नही होनी चाहिए-बगहा एसडीएम

चाणक्य भूमि बगहा



» निचले इलाके के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए निर्देश एसडीएम ने दिया

**बगहा**। दो दिन से लगातार हो रही मूसलधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।वही गंडक बराज वाल्मीकीनगर से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी उफान पर हैं।जिसको देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में है।निचले इलाके के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए निर्देश दिया गया है एव अधिकारियों को निचले इलाकों में कैंप करने का निर्देश दिया गया है।गंडक नदी की स्थिति की जायजा लेने बगहा एसडीएम गौरव कुमार शनिवार को बगहा के आनंद नगर के पास पहुंचे।जायजा लेने के उपरांत एसडीएम गौरव कुमार ने बगहा एक बीडीओ प्रदीप कुमार व अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव और सिंचाई विभाग के अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बगहा एक बीडीओ प्रदीप कुमार व अंचलाधिकारी नर्मदा श्रीवास्तव को निर्देश देते हुए एसडीएम ने कहा कि गंडक नदी में भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया है और यह भी कहा कि सभी जन मानस को एलर्ट कर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से जागृत करे।वही जल संसाधन विभाग के अभियंताओं से को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत मे आनंदनगर पर नदी का दबाव नही होनी चाहिए।इसके लिए सभी को अलर्ट रहना होगा।

# थेथरी नदी का बढ़ा प्रकोप, जलस्तर खतरे के निशान से आगे,2 दर्जन घरों में भरा पानी

चा० भूमि / मैनाटांड

**मैनाटांड** । शेखवा बसंतपुर थेथरी नदी में पानी के तेज बहाव से जमीनों का कटाव भी तेजी से हो रहा है. पश्चिम चम्पारण जिले के मैनाटांड प्रखंड के शेखवा बसंतपुर वार्ड न० 11 में थेथरी नदी का जलस्तर एक बार फिर चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है।लगातार हो रही बारिश और नदी के उफान ने लोगों के लिए खतरा पैदा कर दिया है।नदी का जलस्तर काफी बढ़ता ही जा रहा है। साथ ही बारिश भी लगातार हो रही है. अगर ऐसी स्थिति रही, रही तो शाम तक होते-होते और पानी बढ़ जाएगा। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से काफी ऊपर पहुंच चुका है। जिससे आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ की संभावना बढ़ गई है। वार्ड सदस्य नेसार अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य साहिम, ठाकुर, भोला साह, ललन कुमार, ओमप्रकाश साह द्वारा बताया कि लोगों के घरों में पानी भर गया है जिससे जीवन यापन करना काफी मुश्किल हो गया है।थेटथरी जलस्तर में वृद्धि के कारण वार्ड न०11के कई घरों में पानी भर चुका है, जिससे घर के सामान बर्बाद होने के कगार पर हैं. इस स्थिति में किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।






# गंडक बराज से चार लाख 50 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज

चाणक्य भूमि



» तटीय क्षेत्र के कान्ही टोला,बीन टोली, झंडू टोला एवं चकदहवा में घुसा बाढ़ का पानी
» ऐहतियातन सभी 36 फाटक उठाए गए

**वाल्मीकिनगर**। नेपाल में लगातार बारिश के कारण बिहार में बाढ़ को स्थिति और भयावह होती जा रही है। बाल्मीकिनगर गंडक बराज से चार लाख 32 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। हालांकि गंडक नदी अभी भी खतरे के निशान के उपर बह रही है।

ऐतिहासिक गंडक बराज के सभी 36 फाटक उठा दिए गए है। ताकि कभी जलस्तर बढ़ने पर गेटों की सुरक्षा को लेकर किसी तरह का सवाल खड़ा न हो।

जलस्तर में उतार-चढ़ाव को देखते हुए कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। सीमावर्ती नेपाल के पहाड़ों का पानी मैदानी इलाकों में मुसीबत बढ़ा रहा है। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए

गंडक बराज पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। गंडक बराज नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार नदी का जलस्तर पांच लाख क्यूसेक को पार कर सकता है।

गंडक नदी का जलस्तर में वृद्धि के बाद नदी का पानी निचले इलाको में प्रवेश कर गया है। नेपाल में बारिश से इन दिनों गंडक नदी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। वहीं पहाड़ी नाला का बहाव भी उफान पर है। वनकर्मियों को पेट्रोलिंग में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

गंडक नदी का पानी वीटीआर के चुलभट्ठा, भेड़िहारी, मदनपुर आदि इलाके में भर गया है। हर साल आने वाली बाढ़ से वन और वन्यजीवों को भारी नुकसान हो रहा है। वीटीआर का एक बड़ा हिस्सा बाढ़ की चपेट में आ गया है। बाढ़ के चलते वन्यजीवों के आवास और चारे की समस्या भी पैदा हो गई है। वन्यजीव सुरक्षित स्थानों पर पलायन के प्रयास में शिकारियों के निशाने पर आ सकते हैं। वीटीआर के जंगल में पानी घुसने के कारण वन्य जीव ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। सैकड़ों एकड़ में लगी फसलें भी डूब गई है।

बाढ़ के कारण वन्य कर्मियों की गश्त को बढ़ा दिया गया है। ताकि वे इस बात पर नजर रख सके कि वन्य जीव को बाढ़ प्रभावित न करे और शिकारियों से भी उन्हें बचाया जा सके। वन्य जीवों को बचाने के लिए कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गयी है।

राहत की बात यह है कि अभी तक किसी वन्य जीव की मत्यु की सूचना नहीं है। सभी वन्य जीव सुरक्षित हैं।

एसएसबी के ठाढ़ी एवं झंडहवा टोला स्थित कैंप जलमग्न हो गया है। एसएसबी के जवान नाव से गश्त कर रहे हैं। वहीं चकदहवा,बीन टोला,कान्ही टोला आदि गावों में बाढ़ का पानी फैलने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चला है।बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित गंडक नदी के किनारे बसा कान्ही टोला, झंडू टोला, बीन टोली और चकदहवा है, जिसमें लगभग 200 घरों में पानी घुस गया है। गंडक बराज नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम 5.00 बजे तक 5 लाख से ज्यादा पानी डिस्चार्ज होने की संभावना है।

# जल निकासी दुरुस्त बनाने में युद्ध स्तर पर करें कार्यः मेयर



चा ० भूमि, बेतिया, मझौलिया

**बेतिया**। तीन दिन से जारी झमाझम बरसात के कारण नगर निगम के सघन शहरी क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था चरमरा उठी है। बावजूद इसके जल निकासी दुरुस्त बनाने में नगर निगम के सफाई कर्मी युद्ध स्तर पर जल जमाव से सघन शहरी क्षेत्र को बचाने के लिए नगर निगम के संबंधित कर्मी युद्ध स्तर पर कार्य कर रहें हैं। इस बरसात के बीच शनिवार को नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया छाता के सहारे मौके पर मौजूद रह कर सफाई कर्मियों का उत्साह बढ़ातीं दिखीं।

महापौर ने अपनी उपस्थिति में सुप्रिया रोड में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा कार्यालय के समीप अरसे से अवरुद्ध पड़े मुख्य नाले का नया के लिए मिट्टी हटा रहे नगर निगम के कर्मियों और सफाई निरीक्षक के साथ तमाम सफाई कर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप सफाई कर्मीगण जाड़ा, गर्मी और ऐसी बरसात में भी अपनी कठिन जिम्मेदारी का निर्वहन करने वाले सही के कर्मवीर योद्धा हैं। कोई भी मजदूरी मद में आपको दी जा रही राशि से आप सबकी कठिन श्रमदान की भरपाई नहीं की जा सकती। मौके पर घड़ी प्रभारी तबरेज आलम, वार्ड संख्या 27 के पार्षद इंद्रजीत यादव, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।












# गौनाहा प्रखंड में पहाड़ी नदियां उफान पर

चाणक्य भूमि



» हड़बोड़ा, पंडई, कटहाँ, मनियारी, द्वादह आदि नदियों का जल स्तर बढ़ा
» दर्जनों गांव में घुसा बाढ़ का पानी, सड़क बहने से कई गांवों का टूटा संपर्क

**गौनाहा**। प्रखंड में लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश से पहाड़ी नदिया उफान पर है। प्रखंड के माधोपुर, रुपौलिया, मंगूराहां नयका टोला, रूपवलिया उरांव बस्ती, हरकटवा, तारा बांसवारिया, हरपुर, बेलवा, पोहरा लछनौता आदि गांव में हरबोड़ा नदी का पानी घुसकर तबाही मचा दिया है। ऐसे ही मरजदी मरजादपुर गांव में कटहाँ नदी कटाव कर रही है, जबकि पंडई नदी बैरटवा, श्रीरामपुर, मुरली भरहवां, पटखौली, हरपुर, मझरिया, पिपरा आदि गांव में घुसकर जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। मुरली भरहवां गांव के अजय यादव बताते हैं की भरहवां गांव में झगरू पटेल, राजकुमार पटेल, बृजमोहन ठाकुर, कमलेश ठाकुर, उमेश यादव, प्रभु राम, राजेश यादव सहित एक दर्जन घरों में पंडई नदी का पानी घुसकर तबाही मचा दिया है। भरहवां के किशुनदेव यादव बताते हैं कि पंडित राजकुमार शुक्ला व संत राउत के प्रतिमा के समीप दो से तीन फीट पंडई नदी का पानी बह रहा है। इधर सिट्ठी गांव से पूरब कटहाँ नदी के कटाव से इस बार भी पानी तारा बसवरिया गांव में घुसकर तबाही मचा दिया है। रूपवलिया मुखिया छोटन साह, सरपंच शिशफुल यादव बताते हैं कि तारा बसवरिया गांव में तबाही मची है। वहीं प्रखंड के अंतिम छोर पर बसा महुई पंचायत के महुवा व बनाहवा परसा गांव को जाने वाले नरकटियागंज बनाहवा परसा मुख्य सड़क सोनबरसा गांव से आगे द्वादह नदी के कटाव से नदी में विलीन हो गया है जिससे इस गांव का संपर्क पूरी तरह टूट चुका है। वही बाढ़ प्रभावित क्षेत्र माधोपुर पंचायत का दौरा अंचलाधिकारी विवेक कुमार सिंह द्वारा कर बाढ़ पीड़ित लोगों का जायजा लिया गया।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने सिकरहना नदी के बढ़ते जल स्तर का किया निरक्षण



चा ० भूमि, मझौलिया

» लोगों को सतर्क व जागरूक रहने की दी सलाह

**मझौलिया**।लगातार हो रही बारिश के चलते सिकरहना नदी उफान पर है । जिसको लेकर मझौलिया प्रखंड के तिरवाह क्षेत्र में शनिवार के दिन बीडीओ वरुण केतन व सीओ राजीव रंजन ने हरपुर गढ़वा , डुमरी , बथना , बढ़ईया टोला आदि क्षेत्रों का दौरा कर सिकरहना नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने तटीय इलाकों का दौरा कर स्थानीय लोगों को बाढ़ की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। साथ ही, उन्हें सतर्क रहने का निर्देश दिया। तथा कहा कि किसी भी विशेष परिस्थिति में प्रशासन को जल्द सूचित करे ।

इस मौके पर सुमंत श्रीवास्तव,उपेंद्र कुमार , जावेद आलम , मुखिया पति अली असगर शेख भनु , बकरीदी मियां , सत्यदेव प्रसाद , घनश्याम भगत , अनवारुल हक , महम्मद कलीमुल्लाह , सहजाद आलम आदि उपस्थित रहे ।






# मझौलिया चीनी मिल के आरक्षित क्षेत्रों में हजारों एकड़ गन्ना फसल का नुकसानः सीजीएम

चा ० भूमि (कनकलता)



» गन्ना किसानों में बढ़ी मायूसी
» पूरी तरह लोट गया आंधी पानी में गन्ना फसल
» थाना, अंचल सीएचसी में जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**मझौलिया**।बिगत तीन दिनों से लगातार थम थम कर हो रही मूसलधार बारिस से चीनी मिल के आरक्षित क्षेत्रो में गन्ना फसल को बड़ी नुकसान पहुंचा है।जानकारी शुगर इंडस्ट्रीज के चीफ केन मैनेजर अखिलेश कुमार सिंह ने दी।उन्होने बताया कि चीनी मिल के आरक्षित क्षेत्रो में गन्ना का फसल खेतो में लोट गया है।उन्होने बताया कि करमवा, जगदीशपुर, नोनेया,झखरा तेलहुआँ, तिलंगही नौतन समेत तिरूवाह क्षेत्रो में भ्रमण के बाद यह खुलासा किया।गन्ना फसल के नष्ट होते देख किसानों की मानो कमर की हड्डी टूट गई है।।गन्ना की फसल इसबार बड़ी अच्छी थी, परन्तु भारी बारिश ने सब गुड़ गोबर कर दिया। बताते चले कि चीनी मिल के आवासीय कमरों में पानी घुस गया है।प्लांट में भी बिजली के कई मोटर पानी मे डूब गये है।थाना परिसर, ब्लॉक परिसर, सीएचसी में जलजमाव हो गया है।पुराना पेट्रौल पंप से लेकर ब्लॉक गेट तक सड़क पर लगभग दो से ढाई फ़ीट पानी बह रहा है।बरसात को लेकर जन जीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है।बारिस का पानी और जलजमाव को लेकर स्कूली छात्रों का आवाजाही बन्द हो गया है।प्रखंड क्षेत्र में धान की सैकडों एकड़ फसले डूब गयी है।तिरूवाह क्षेत्र में सिकरहना नदी पूरी तरह लबालब भर गया है।बाथना और डुमरी में रिंग बांध पर कटाव का खतरा बढ़ गया है।जिस अनुपात में बारिस हो रही है और नेपाल की तराई क्षेत्रो से पानी छोड़ा जा रहा है, यह स्थिति बनी रही तो तिरूवाह में बाढ़ का खतरा बढ़ जायेगा। डुमरी, रमपुरवा महनवा,सेमरा, सिरकहिया, नौतन खुर्द में गन्ना की फसलों को नुकसान पहुंचा है ।आंधी और पानी मे गन्ना का फसल खेतो में गिर गये है, नतीजतन किसानों की परेशानिया बढ़ गयी है।आवासीय कॉलनी में बाबू क्वार्टर, फिटर क्वार्टर में बुरी तरह पानी भर गया है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714